चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 149, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 27 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# विपक्ष देश के खिलाफ षड्यंत्र कर रहा: सीएम योगी

## जिनकी बोलचाल नहीं थी वो मोर्चा बना रहे, यह आने वाली पीढ़ियों के लिए ठीक नहीं: योगी आदित्यनाथ

**वाराणसी:** सीएम योगी सोमवार को वाराणसी पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। इसके बाद रोहनियां जगतपुर इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया।उन्होंने कहा, "विपक्ष पीएम मोदी के खिलाफ लामबंद है, जिनकी बोलचाल नहीं थी वो मोर्चा बना रहे हैं। सभी कांग्रेस के साथ मिलकर देश के खिलाफ षड्यंत्र में शामिल हो गए हैं। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए ठीक नहीं है।" पीएम मोदी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, "देश सुरक्षा, समृद्धि और सुशासन से आगे बढ़ता है। पीएम मोदी




का विदेश में भव्य स्वागत हुआ। अमेरिका में राष्ट्रपति, संसद और नागरिकों ने जो स्वागत किया, उससे 140 करोड़ भारतीयों का दुनिया में गौरव बढ़ा।"

**पीएम मोदी ने सुशासन का मॉडल दुनिया में पेश किया:** योगी ने कहा, "पीएम मोदी ने सुशासन का मॉडल दुनिया में पेश किया है। इसके चलते आज जिस देश में जाते हैं, उसका सर्वोच्च सम्मान पीएम मोदी को मिल रहा है। उनके पहुंचने से आज दुनिया उसके लिए अभिभूत है। वाराणसी में यातायात की सेवाएं, वायु सेवा, जलसेवा और सड़क सेवा के साथ रेल सेवा कई गुना बढ़ी हैं। हाईवे का जाल बिछ गया है। कोई कहीं से कभी भी काशी आ सकता है। वाराणसी से प्रयागराज, गोरखपुर, लखनऊ समेत कई बड़े शहर फोरलेन से जुड़ चुके हैं।"

**2024 में हर जगह कमल खिलाएंगे:** योगी ने कहा, "आज हम पीएम मोदी का आभार जताने जुटे हैं। हम कहते हैं कि पीएम मोदी आगे बढ़िए हम काशी वासी आपके साथ हैं। प्रदेश वासी आपके साथ हैं। 2024 में हर जगह कमल खिलाएंगे। जी-20 समूह देशों के लोग काशी के सौंदर्य को देखकर अभिभूत थे। ये पीएम के नेतृत्व में संभव हो पाया। आप जो आज देख रहे हैं कि काशी के सांसद भारत का विकास और सम्मान बढ़ा रहे हैं।"

## पीएम मोदी ने 110 करोड़ लोगों को 220 करोड़ वैक्सीन दी: योगी

**सीएम योगी ने** कहा, "भारत ने एक सुरक्षा और लोक कल्याण का मॉडल दिया है। कल्याणकारी योजनाएं सभी को मिल रही हैं। कहीं भ्रष्टाचार नहीं हो रहा है। पीएम ने यह नहीं कहा कि इस योजना पर किसी वर्ग का अधिकार होगा। किसी जाति का अधिकार होगा या किसी क्षेत्र के लिए योजना होगी। उन्होंने 'सबका साथ सबका विकास' कहा। 80 करोड़ लोगों को राशन दिया।

सीएम ने कहा, "110 करोड़ लोगों को 220 करोड़ वैक्सीन दी। एक नए भारत के रूप में दुनिया भारत को आपदा और विपत्ति के संकटमोचन के रूप में देख रही है। भारत की सीमा की सुरक्षा मजबूत हो रही है। कोई सीमा में घुसने का दुस्साहस नहीं कर सकता। नागरिकों की सुरक्षा में सेंध नहीं लगा सकता है।

## विशेष सहायता योजना के तहत 16 राज्यों के लिए 56,415 करोड़ रुपये मंजूर

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में घोषित विशेष सहायता योजना के तहत 16 राज्यों के लिए 56,415 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत राज्यों को चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 1.3 लाख करोड़ रुपये तक की राशि 50 साल के ब्याज-मुक्त ऋण के तौर पर दी जा रही है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि व्यय विभाग ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 में इस योजना के तहत 16 राज्यों को 56,415 करोड़ रुपये




के पूंजी निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय के मुताबिक यह राशि स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, जल आपूर्ति, बिजली, सड़क, पुल और रेलवे सहित विभिन्न क्षेत्रों में पूंजी निवेश परियोजनाओं के लिए दी गई है। क्षेत्रों में परियोजनाओं की गति बढ़ाने के लिए जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत राज्यों का हिस्सा भी दिया गया है।

## 'सेमीकंडक्टर का अगला बड़ा गंतव्य होगा हिन्दुस्तान'

### तीन महीने पहले ही सेमीकंडक्टर कॉरपोरेशन में भारत और अमेरिका के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका और मिस्र की यात्रा को ऐतिहासिक बताया है। केन्द्रीय इलेक्ट्रोनिक एवं आईटी मंत्री अश्वनी वैष्णव ने प्रेसवार्ता कर कहा कि यात्रा के परिणाम स्वरूप हिन्दुस्तान सेमीकंडक्टर का अगला बड़ा गंतव्य होगा। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि तीन महीने पहले ही सेमीकंडक्टर कॉरपोरेशन में भारत और अमेरिका के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। वहीं प्रधानमंत्री के अमेरिका दौरे के दौरान सेमीकंडक्टर को लेकर तीन बड़े समझौते हुए। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का




कद वैश्विक मंच पर अभूतपूर्व रूप से बढ़ा है। उनका अमेरिका और मिस्र दौरा ऐतिहासिक रहा है। पिछले 9 सालों में प्रधानमंत्री ने जिस तरीके से इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री का विकास किया और कई ऐसे कदम उठाए जिससे कि आज टेक्नोलॉजी में देश का दुनिया में एक स्थान बना। उसी का परिणाम है कि सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री हिन्दुस्तान में आई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने विश्वसनीय एवं सुरक्षित दूरसंचार प्रौद्योगिकियों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर विकसित करने जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भारत-अमेरिका साझेदारी को व्यापक बनाने के साथ साथ उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग और अंतरिक्ष में संबंधों को गहरा करने में एक बड़ी छलांग लगाई। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के सभी देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व पर विश्वास जता रहे हैं। मोदी जी को मिस्र का सबसे बड़ा सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' से सम्मानित किया जाता है तो ये सभी भारतवासियों के लिए गर्व की बात है। मोदी जी द्वारा अपनाई गई स्वतंत्र विदेश नीति 'राष्ट्र-प्रथम' की भावना वाली रही है।

## 28 हफ्ते की प्रेग्नेंट नाबालिग को अबॉर्शन की इजाजत नही

**औरंगाबाद:** बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच ने 15 साल की एक लड़की को अबॉर्शन की इजाजत देने से इनकार कर दिया। नाबालिग का रेप हुआ था और वह 28 हफ्ते की प्रेग्नेंट है। हाईकोर्ट ने मेडिकल बोर्ड के हवाले से बताया कि इस समय प्रेग्नेंसी खत्म करने के लिए लड़की की जबरन डिलीवरी करानी होगी। इस स्थिति में भी बच्चा जिंदा पैदा होगा। इसलिए बेहतर है कि लड़की की नेचुरल डिलीवरी कराई जाए। इसके बाद लड़की चाहे तो बच्चे को अपने पास रख सकती है या अनाथालय में दे सकती है।

### अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की प्रतिष्ठा, भारत का कद बढ़ा है: सिंह

## भारत सीमा के उस पार भी मार सकता है: राजनाथ

**जम्मू:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जम्मू विश्वविद्यालय के जनरल जोरावर सिंह ऑडोटोरियम में सिक्योरिटी कॉन्क्लेव में शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा कि भारत अब ताकतवर बनता जा रहा है। भारत सीमा के इस पार भी मार सकता है और जरूरत पड़ी तो सीमा के उस पार भी मार सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि उरी और पुलवामा की जो घटना थी, उस वक्त मैं ही गृह मंत्री था। जब मैं अपने शहीद जवानों का शव अपने कंधे पर लेकर आगे बढ़ा, तो जो हमारी स्थिति थी उसे शब्दों में बयान नहीं कर सकते हैं।



इन घटनाओं के बाद पीएम मोदी के साथ एक बैठक हुई। मैं पीएम की इच्छाशक्ति की सराहना करना चाहूंगा कि उन्होंने 10 मिनट के अंदर फैसला कर लिया। इसके बाद आपने देखा कि हमारे जवानों ने सीमा के इस पार ही नहीं बल्कि उस पार जाकर आतंकवादियों का सफाया करने में कामयाबी हासिल की। इसके साथ ही भारत ने दुनिया को ये मैसेज दिया कि भारत अब पहले जैसा भारत नहीं रहा। भारत अब ताकतवर बनता जा रहा है। भारत सीमा के इस पार भी मार सकता है और जरूरत पड़ी तो सीमा के उस पार भी मार सकता है।

**अब भारत को दुनिया गंभीरता से सुनती है:** राजनाथ ने कहा कि नौ साल में अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की प्रतिष्ठा, भारत का कद बढ़ा है। प

## बाजार में 100 रुपए किलो बिक रहा टमाटर

**नई दिल्ली:** देश के ज्यादातर बाजारों में टमाटर की कीमत 100 रुपए प्रति किलो के पार निकल गई है। होलसेल मार्केट में टमाटर 65-70 रुपए प्रति किलो में बिक रहे हैं। एक हफ्ते पहले होलसेल मार्केट में टमाटर 30-35 प्रति किलो में बिक रहे थे। रिटेल मार्केट में इसकी कीमत करीब 40-50 रुपए किलो थी। यानी दाम करीब-करीब दोगुने हो गए हैं।

एक महीने पहले यानी मई में तो उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में टमाटर 2-5 रुपए प्रति किलो बिक रहा था।

## पहलवानों का बृजभूषण के खिलाफ आंदोलन खत्म का ऐलान

**पानीपत:** भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पहलवानों ने आंदोलन खत्म कर दिया है। महिला पहलवान साक्षी मालिक, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने रविवार देर रात ऐलान किया। इनका कहना है कि अब अपनी लड़ाई सड़क पर नहीं, अदालत में लड़ी जाएगी। ये तब तक जारी रहेगी, जब तक न्याय नहीं मिल जाता।

**पहलवानों ने कहा- सरकार ने जो वादे किए हैं, उस पर अमल होने का इंतजार रहेगा:** साक्षी ने लिखा, सरकार के साथ 7 जून को बातचीत हुई। सरकार ने पहलवानों के साथ किए वादे पर अमल करते हुए महिला कुश्ती खिलाड़ियों की और से महिला उत्पीड़न और यौन शोषण के संबंध में की गई शिकायतों पर एफआईआर दर्ज की।

दिल्ली पुलिस ने जांच पूरी करके 15 जून को कोर्ट में चार्जशीट पेश कर दी है। इस केस में पहलवानों की कानूनी लड़ाई सड़क की जगह कोर्ट में जारी रहेगी। कुश्ती संघ के सुधार के संबंध में नई कुश्ती संघ के चुनाव की प्रक्रिया वादे के अनुसार शुरू हो गई है। चुनाव 11 जुलाई को होना तय है। सरकार ने जो वादे किए हैं, उस पर अमल होने का इंतजार रहेगा।

**विनेश बुडापेस्ट प्रतियोगिता में भाग लेंगी, 10 महीने बात वापसी करेंगी:** विनेश फोगाट अगले महीने बुडापेस्ट में पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल प्रतियोगिता में भाग लेंगी। विनेश को उनकी पसंद के कोच और फिजियो भी दिए गए हैं। बुडापेस्ट इवेंट कुश्ती साल की चौथी और आखिरी रैंकिंग सीरीज है। एडहॉक कमेटी और सरकार के अधिकारियों के बीच हुई बैठक में विनेश के नाम को मंजूरी दी गई, जिससे 10 महीने बाद अब उनकी मैट पर वापसी हो रही है।

**एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप मुख्य टारगेट, ट्रायल में छूट:** एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप पर भारत की नजर हमेशा से रहती है। इसी वजह से भारतीय ओलिंपिक संघ के एडहॉक पैनल ने 6 आंदोलनकारी पहलवानों के लिए आगामी एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप की चयन प्रक्रिया को सिर्फ एक मुकाबले की प्रतियोगिता कर दिया है।

इन पहलवानों को इन दोनों प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं की भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए सिर्फ ट्रायल के विजेताओं को हराने की जरूरत होगी।

## मणिपुर: सुरक्षाबलों ने 8 जिलों में सर्च ऑपरेशन

**इंफाल:** मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच आरक्षण को लेकर पिछले 53 दिनों से हिंसा जारी है। सुरक्षाबलों और पुलिस ने रविवार को राज्य के 7 जिलों में सर्च ऑपरेशन चलाया। मणिपुर पुलिस और सुरक्षाबलों ने इन जिलों में पिछले 24 घंटों में हिंसा फैलाने वाले लोगों के 12 बंकर नष्ट किए हैं। पुलिस ने इन्हें उग्रवादी बताया है।

सुरक्षाबलों ने तामेंगलोंग, इंफाल ईस्ट, बिष्णुपुर, कांगपोकपी, चुराचांदपुर और काकचिंग जिलों में जॉइंट ऑपरेशन चलाया और हिल और वैली दोनों जगह इन बंकरों को नष्ट कर दिया। मणिपुर के हालात को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने पीएम को 24 जून को सर्वदलीय बैठक में हुई चर्चा की भी जानकारी दी

**भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद:** पुलिस ने बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान तीन 51 मिमी मोर्टार और 84 मिमी मोर्टार गोले साहुमफाई गांव के खेत में पाए गए। कांववई और एस कोटलियान गांव के बीच के एक खेत में एक आईडी भी मिला। इन्हें नष्ट कर दिया गया है।

## भाजपा देश को बेचना चाहती है: ममता बनर्जी

**कूचबिहार:** पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। ममता बनर्जी ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा देश को बेचना चाहती है। ममता बनर्जी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा देश को बेचना चाहती है। उनके डबल इंजन जल्द ही गायब हो जाएंगे। राज्य के पंचायत चुनावों में उनका पहला इंजन और 2024 लोकसभा चुनावों में दूसरा इंजन हार जाएगा। उन्हेंने कहा कि हम भाजपा के खिलाफ बड़ा गठबंधन बनाने की कोशिश कर रहे हैं और



यह जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।

**ममता बनर्जी ने निशिथ प्रामाणिक को कहा गुंडा:** यहीं नहीं ममता बनर्जी ने पीएम मोदी पर भी हमला बोला। कूचबिहार में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि सरकार के पैसे बर्बाद करके पीएम मोदी अमेरिका को संतुष्ट करने गए हैं। उन्होंने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशिथ प्रामाणिक को मंच से ही गुंडा कहकर संबोधित किया। ममता बनर्जी ने कहा कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री गुंडा हैं और लोगों को मारते फिरते हैं।

**बंगाल में बीजेपी के साथ मिली हुई है कांग्रेस और सीपीएम:** पटना में विपक्षी दलों की बैठक के बाद सीएम ममता बनर्जी ने सीपीआई (एम) और कांग्रेस पर भी सवाल खड़े किए।

उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों के बावजूद भाजपा के खिलाफ एक बड़ा विपक्षी गठबंधन बनाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन कांग्रेस, सीपीआई(एम) बंगाल में अलग-अलग राग अलाप रहे हैं।

## आधार यूपीए सरकार का आइडिया: पी. चिदंबरम

**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के उस आर्टिकल का जवाब दिया है, जिसमें मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया है। चिदंबरम ने कहा कि 5 से 10 साल तक शासन करने वाली कोई भी सरकार उन उपलब्धियों का दावा करने में सक्षम होगी जो वित्त मंत्री ने बताईं। उन्होंने कहा, मोदी सरकार यूपीए सरकार के कंधों पर खड़ी है।

आर्टिकल में, वित्तमंत्री सीतारमण ने बताया कि विपक्ष की भूमिका अदालतों में याचिका दायर करके मोदी सरकार के कामकाज में बाधा डालने और देरी करने की रही है। उन्होंने कहा, , आर्टिकल 370, वैक्सिनेशन, तीन तलाक, सेंट्रल विस्टा सहित 15 से ज्यादा मामलों में विपक्ष कोर्ट गया और उसे



हार का सामना करना पड़ा। सीतारमण ने कहा कि जीएसटी आर्टिकल 370, वैक्सिनेशन, तीन तलाक, सेंट्रल विस्टा सहित 15 से ज्यादा मामलों को लेकर कोर्ट में जितना समय बिताया गया उसका इस्तेमाल लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए किया जा सकता था। पी चिदंबरम ने कहा- वित्त मंत्री ने विपक्ष के सरकार को अदालत में ले जाने और केस हारने के 5 उदाहरण दिए हैं।

इनमें से कम से कम तीन में गलत हैं: संसद के कानून पारित करने से पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को अवैध घोषित कर दिया था। आर्टिकल 370 के मामले में अभी तक कोर्ट में सुनवाई नहीं हुई है। जीएसटी कानूनों के तहत कई मामले लंबित हैं। सीतारमण ने दावा किया कि उनकी सरकार ने भारत को दूध, शहद और फल और सब्जियों के उत्पादन में टॉप पर पहुंचाया।

## 'केंद्र को सबसे अधिक रेवेन्यू झारखंड से, फिर हमारी गिनती पिछड़े राज्यों में'

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में पर्याप्त खनिज संपदा होने के बावजूद राज्य में विस्थापन की स्थिति है। झारखंड की खनिज संपदा से देश को सबसे ज्यादा रेवेन्यू मिलता है, फिर भी हमारा राज्य पिछड़े राज्यों की श्रेणी में गिना जाता है। हमारी सरकार खनिज संपदाओं के अतिरिक्त कई ऐसे क्षेत्रों पर बेहतर कार्ययोजना तैयार करते हुए रोजगार का साधन बढ़ाने का कार्य कर रही है। भविष्य में खनिज संपदाओं के अलावा भी अन्य रोजगार के क्षेत्र में राज्य की दिशा कैसी होनी चाहिए, इसका रोडमैप सरकार बना रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को एक टीवी चैनल की ओर से आयोजित झारखंड कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में टूरिज्म की संभावनाएं असीम हैं और आने वाले समय में राज्य सरकार टूरिज्म के सभी क्षेत्रों का विस्तार करते हुए इसे रोजगार सृजन का मुख्य साधन बनाने पर कार्य कर रही है। राज्य में ह्यताजह्न जैसे होटल बनाए जाएंगे। राज्य सरकार एक बेहतर विजन के साथ झारखंड को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। शिक्षा, टूरिज्म, कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ एवं सशक्त करने का कार्य निरंतर जारी है। आने वाले दिनों में यहां के लोगों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध करा सकें, इस निमित्त प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। वर्तमान सरकार के गठन के बाद से ही विकास की संभावनाओं की जड़ों को मजबूत कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### भाजपाइयों ने किया घर-घर जन संपर्क

**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नौ साल की उपलब्धियों को लोकप्रिय बनाने के लिए घर-घर संपर्क कर लोगों को भाजपा से जुड़ने के लिए आहवान किया।भाजपा मंडल अध्यक्ष कोहड़ार गोविंद मिश्र के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने कोरांव निर्वाचन क्षेत्र मदरहा सेक्टर में घर-घर जाकर दौरा किया और श्री मोदी की उपलब्धियों का वर्णन करने वाले पर्चे सौंपे।बता दें कि भाजपा ने 21 जून योग दिवस के बाद 30 जून तक घर -घर अभियान चलाकर केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने पर उसके द्वारा किए गए विकास कार्यों को जन -जन तक पहुंचने का कार्य कर रही है।इसी कड़ी में रविवार को सेक्टर संयोजक वेद मिश्र के नेतृत्व में कार्यकताओं ने मदरहा गांव में लोगों से मिलकर भाजपा से जोड़ने का कार्य किया।इस मौके पर शक्ति केंद्र संयोजक प्रदीप तिवारी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

# मेजा विधायक के खिलाफ गरजे सपाई जमकर हआ हंगामा

अखंड भारत संदेश



**सिरसा।** विधानसभा मेजा क्षेत्र विधायक संदीप पटेल के गलत कार्यो से नाराज विधानसभा मेजा के सपाइयों में भारी नाराजगी व आक्रोश है। रविवार की शाम सिरसा अमिलहवा के नारायण स्वयंवर गेस्ट हाउस में सावधान बैठक आयोजित कर विधायक के खिलाफ पार्टी कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने जमकर जहर उगलते हुए कहा कि विधायक को पार्टी की मजबूती से कोई लेना-देना नहीं रह गया है, वह खुद अपनी टीम अलग से तैयार करने में जुटे हैं। यदि विधायक यही रवैया रहा तो आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी का नुकसान हो सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित रहे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मेजा व पूर्व नगर पंचायत सिरसा अध्यक्ष श्याम कृष्ण उर्फ पप्पू यादव ने कहा कि विधायक मेजा की वजह से वह सिरसा पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव हार गए। यदि विधायक ने उनके पक्ष में प्रचार प्रसार किया होता तो ऐसा परिणाम ना होता। जिला पंचायत सदस्य व सपा नेता प्रमील यादव ने कहा कि शासन से विकास के नाम पर मिली करोड़ों का फंड विधायक कहां और किस ढंग से खर्च कर रहे हैं इस बात की जानकारी सपा कार्यकताओं और नेताओं को नहीं हो पा रही है। विधायक पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं की लगातार उपेक्षा कर रहे हैं जिससे पार्टी को नुकसान हो रहा है। कार्यक्रम में सपा नेता दिनेश पासी, राजकुमार यादव, रंग बहादुर यादव, श्रीकांत यादव, गुलजार अहमद, मुखिया यादव, काशी नरेश यादव, शिव कैलाश, कैलाश यादव, गोपी श्याम यादव, रमेश कुमार यादव, विजय यादव, बाबा यादव, प्रवीण यादव, राम जी यादव, अर्जुन यादव, अवधेश यादव, वासुदेव यादव, मुरारी यादव व रमाशंकर यादव सहित भारी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शिव कुमार तिवारी तेजस्वी एबीवीपी प्रयाग विभाग के बनाए गए संयोजक



**धनूपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रांत का अभ्यास वर्ग 22 से 25 जून तक सेवा कुंज आश्रम चपकि दुद्धी में सम्पन्न हुआ। प्रांत भर से आये हुये सभी कार्यकर्ताओं ने सैद्धांतिक भूमिका, कार्य पद्धति, कार्यकर्ता व्यवहार, सक्षम इकाई, आयाम कार्य, सदस्यता, प्रवास, परिसर कार्य, विमर्श, जिज्ञासा एवं समाधान इत्यादि विषयों पर मंथन किया। इस दौरान वर्ग के अंतिम दिन विभाग व जिला इकाई में फेरबदल किया गया। प्रांत अध्यक्ष डॉ सुचिता त्रिपाठी ने नवीन दायित्व की घोषणा करते हुए प्रयाग विभाग का विभाग संयोजक हरीपुर उर्फ मिश्रपुर निवासी शिव कुमार तिवारी तेजस्वी को बनाया। हंडिया पीजी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ दीपक कुमार सिंह को जिला प्रमुख, इलाहाबाद विश्विद्यालय के विधि छात्र ऊँचडीह सोरांव निवासी यशवंत सिंह को जिला संयोजक, हंडिया निवासी विवेक तिवारी को जिला सह संयोजक बनाया गया है। उपरोक्त लोगों को दायित्व मिलने पर जनपद प्रयागराज के कार्यकताओं में काफी उत्साह का माहौल है। महानगर मंत्री सत्यम सिंह, अभिषेक, नवीन केशरी, उद्धभव मिश्रा, पवन रावत, यशार्थ श्रीवास्तव आदि कार्यकताओं ने वर्ग के दौरान बधाई दिया।

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष सहित 5 लोगों की सोने की चैन श्री हरिहर धाम कुंदौरा महादेव से चोरी



**धनूपुर।** सरायममरेज थानांतर्गत प्राचीन कुंदौरा महादेव मंदिर परिसर में भोलेनाथ का जलाभिषेक करने आईं महिलाओं के गले से सोने की चैन गायब हो गई। प्रत्येक सोमवार को जलाभिषेक करने वाले भक्तों ने बताया कि महिलाओं की सोने की चैन लगातार चोरी हो रहीं हैं और अगर चोरी करने वाले चोर को आम नागरिक या पुलिस पकड़ती भी है तो मंदिर समिति के लोग चोर उचक्कों को छोड़वा देते हैं। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगा है लेकिन उसको चालू नही रखा जाता, पुलिस प्रशासन की कोई भी टीम मंदिर परिसर के अंदर नही रहती पुलिस वाले बूथ के अंदर बैठकर चाय नाश्ता करते रहते हैं। मंदिर में हर सोमवार को हजारों श्रद्धालु भोलेनाथ का जलाभिषेक, दर्शन, पूजन अर्चन करने आते हैं। सोमवार को जलाभिषेक करने आईं 5 महिलाओं की चैन चोरी हो गई जिसमें भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरोज श्रीवास्तव, चांदोपारा की शीला दुबे, कौड़ी प्रधान आलम यादव की बहन बिंदु देवी, शीला देवी पत्नी अमित कुमार नासिरपट्टी, सरायममरेज की सोने की चैन चोरी हुई। क्षेत्रीय लोगों ने मंदिर प्रांगण में सीसीटीवी कैमरे चालू करने एवं मंदिर के अंदर महिला पुरुष पुलिस कर्मियों को तैनात करने की मांग किया है।

# शोकाकुल परिवार से मिली सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी

अखंड भारत संदेश



**करछना।** सांसद प्रो रीता बहुगुणा जोशी सोमवार को केचुहा ग्राम के मजरा भभया का पूरा गांव में पहुंचकर शोक संतप्त व गमजदा परिवारों को ढांढस बंधाया । और परिजनों से कहा कि इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने की जरूरत है। उन्होंने घर के अंदर पहुंच कर रोती बिलखती महिलाओं के आंसू भी पोछे । इस घटना से दुःखी सांसद ने शासन - प्रशासन से हर संभव मदद का भरोसा दिलाए जाने का आश्वासन भी घर परिवार सहित महिलाओं को दिया। करछना थाना क्षेत्र के ग्राम केचुहा के मजरा भभया का पूरा गांव निवासी कौशलेश प्रसाद मिश्र 70 वर्ष की गत 15 जून बृहस्पतिवार को लू की चपेट में आने से मौत हो गई थी। वहीं नाती सूरज मिश्र 28 वर्ष पुत्र जनार्दन प्रसाद मिश्र शहर की ओर से बाबा की अर्थी में कंधा देने के लिए घर जा रहा था। कि करछना कोहडार घाट मार्ग पर नरैना गांव के समीप मार्ग दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। बताया जाता है कि बाबा की आकस्मिक हुई मृत्यु से वह आपा खो बैठा था। और स्वयं बाइक चला रहा सूरज अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरा था । और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई थी। इस मौके पर भाजपा यमुनापार के जिला महामंत्री राजेश शुक्ला भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णु शुक्ला भाजपा यमुना पार किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्र मुन्ना प्रदीप पांडेय अलख नारायण शुक्ला राम मनोहर लोहिया कपिल तिवारी प्रकाश नारायण द्विवेदी सुनील कुमार शुक्ल विकास पांडेय राजेश पांडेय रामेश्वर द्विवेदी ओमप्रकाश विश्वकर्मा गोरेलाल तिवारी सहित आदि भाजपाई लोग साथ में रहे।

### मऊआइमा के युवक की वाहन दुर्घटना में मौके पर मौत



**मऊ आइमा।** मऊआइमा से पिकअप पर पशु लादवाकर उन्नाव कम्पनी ले जा रहे युवक की वाहन दुर्घटना में मौत हो गई। ,सूचना पर घर में कोहराम मचा हुआ है। शव पोस्टमार्टम के बाद घर आया तो स्वजन रोने बिलखने लगे।मृतक यूवक को देखने पहुचे मोहल्ला पड़ोस तथा रिश्तेदारों की आँखें नम हो गई। मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला मौलाना निवासी ओसामा 18 वर्ष पुत्र मोहम्मद इरफान बुधवार को शाम के समय मऊआइमा से पिकअप पर पशु लदवाकर उन्नाव के ( ए ओ वी एक्सपोर्ट्स प्रा लि)के मालिक ओपी अरोडा कि कंपनी उन्नाव के लिए रवाना हुआ। बताते हैं कि जैसे पिकअप जिला फतेहपुर के खागा कोतवाली के पास पहुंचा पिछे से डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे ओसामा की मौत हो गई । ओसामा की मौत की सूचना पर घर में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद जब शव गुरुवार को शाम को आया तो परिजन बिलखने लगे। ओसामा अभी अविवाहित था । तीन बहनों दो भाईयों में सबसे बडा था।

# इफको में आनसाइट इमरजेंसी प्लान का हुआ पूर्वाभ्यास






पूर्वाभ्यास में बचाव कार्य में लगे कर्मी व स्थित का जायजा लेते इफको के अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** इफको की फूलपुर इकाई में सोमवार को आनसाइट इमरजेंसी प्लान का पूर्वाभ्यास (मॉक ड्रिल) किया गया। इस दौरान यूरिया- 1 के अमोनिया रिसीवर वी-1 क्षेत्र में पी-5 ए/बी कॉमन सेक्शन लाइन के एसडी-6 कंट्रोल वाल्व के अपस्ट्रीम फ्लैंज से अमोनिया रिसाव जैसी स्थिति पैदा की गई। पहले रिसाव आरंभ हुआ उसके बाद अग्निशमन दल ने अमोनिया रिसाव को नियंत्रित करने का प्रयास किया एवं बचाव दल ने घायलों को अस्पताल पहुँचाया। इसके पश्चात स्थानीय प्रशासन व इफको प्रबंधन एवं समस्त विभागाध्यक्षों के साथ ऑनसाइट इमरजेंसी प्लान की समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान अग्निशमन विभाग (इफको), स्थानीय प्रशासन, अग्निशमन विभाग उत्तर प्रदेश, सुरक्षा विभाग की टीमों ने पूर्वाभ्यास में सहयोग किया। पूर्वाभ्यास में वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया, अग्निशमन स्टेशन सोरांव प्रभारी रमई राम, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः संजय वैश्य,एम.डी. मिश्र, एपीराजेन्द्रन,पीके सिंह, पीकेपटेल, डॉ अनीता मिश्रा, अरूण कुमार, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, मुख्य प्रबंधक अग्नि एवं सुरक्षा विभाग संजीव कुमार, जनसम्पर्क अधिकारी सोनू तिवारी, वरिष्ठ प्रबंधक यांत्रिक स्वयं प्रकाश, प्रबंधक अग्नि एवं सुरक्षा विभाग अनिल कुमार यादव, हितेश मदान एवं सम्बंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



### आरक्षण के जनक छत्रपति शाहू जी की मनाई गई जयंती

**रत्योरा।** अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्षा केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के निर्देश पर अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने कोरांव के कोसफरा गांव में आरक्षण के जनक छत्रपति शाहू जी की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला उपाध्यक्ष लाल शास्त्री पटेल ने कहा कि छत्रपति शाहूजी देश में आरक्षण के जनक थे। जिन्होंने पिछड़े शोषित वंचित समाज के उत्थान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आज हमें उनके आदर्शों पर चलने की जरूरत है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने छत्रपति शाहूजी महाराज के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात कर उनके बताए हुए मार्गों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम को विधानसभा अध्यक्ष फूल चंद्र सिंह पटेल, अनिल कुमार सिंह उर्फ कमलाकर पटेल, शिवबालक पोल समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया। इस दौरान पार्टी के कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# एफआईआर दर्ज होने तक जारी रहेगी तालाबंदी : उमाकांत तिवारी

अखंड भारत संदेश



**कोरांव।** तहसील कोरांव मालवीय नगर निवासी अधवित्क्ता मोहम्मद हारून के साथ कस्बा इंचार्ज अवधेश एसआई द्वारा की गई अभद्रता के मामले मे अधिवक्ता दिन पर दिन आक्रोशित होते जा रहे है उनके क्रोध का तिलिस्म टूटने का नाम नही ले रहा है। बताते चले कि प्रकरण उपरोक्त का संज्ञान लेते हुए सोमवार को अधिवक्ताओ के बीच एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्रा पहुचे और अधिवक्ताओ से बात करते हुए अधिवक्ता मोहम्मद हारून से उनका बयान दर्ज किया उन्होंने कहा एफआईआर दर्ज करने का मुझे कोई अधिकार नही है मैं आज ही अपनी रिपोर्ट सक्षम अधिकारियों को भेज दूँगा जिस पर अधिवक्ता नाराज हो गए और पुलिस विरोधी नारेबाजी करने लगे बार के अध्यक्ष उमाकांत तिवारी मंत्री कैलाश नाथ सिंह ने कहा कि हम लोग लगभग सप्ताह भर से एसआई के विरुद्ध एफआईआर और लाइन हाजिर करने की बात कर रहे है परन्तु कोई कार्यवाही अभी तक नही हुई आगे उन्होंने कहा जब तक एफआईआर दर्ज नही होती हड़ताल और तालाबंदी जारी रहेगी इस दौरान हाउस मे मौजूद सभी अधिवक्ताओ ने एक सुर में बार के अध्यक्ष और मंत्री का स्वागत करते हुए उनके समर्थन मे साथ खड़े रहने की बात कही इस दौरान उपजिलाधिकारी सुदामा वर्मा, नायब बड़ोखर विनोद सिंह, थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह के अलावा वरिष्ठ अधिवक्तारवींद्र नाथ मिश्रा, अरुण मिश्रा( बाबा )अरुण तिवारी, ललन तिवारी, राम लल्लू शुक्ल, जैन बहादुर सिंह,विजय मिश्रा, हेमवती सिंह, बाल गोबिन्द पाण्डेय, देवकीनंदन मिश्रा, शेखर दुबे,विनीत मिश्रा, राजू दुबे, त्रिवेणी यादव, अनूप मिश्रा, शशि दुबे, सुनील पाण्डेय,शशि कांत पाण्डेय, उमाशंकर शुक्ला, रवि प्रकाश तिवारी, संतोष कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, मणि शंकर शर्मा, विजय बहादुर सिंह, कौशलेश तिवारी, धीरेंद्र शुक्ला, जगदीश पाण्डेय के अलावा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।




### पक्षकार बनकर नहीं बल्कि पत्रकार बनकर करें पत्रकारिता

**घूरपुर।** नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन बारा इकाई की एक बैठक गौहनिया स्थित एएस पब्लिक स्कूल में की गई । बैठक की अध्यक्षता करते हुए अखिलेश त्रिपाठी ने कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता करना बहुत कठिन कार्य हो गया है । आज के सोशल युग मे जिसके पास स्मार्ट फोन हो गया है ,वही अपने आप को पत्रकार बताता है। इस लिए सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली खबरों को पहले पूरी तरह जांच परख कर लें उसके बाद ही उक्त खबरों को अपने स्तर से चलाएं। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मंडल अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने भी संगठन को मजबूत बनाने की अपील करते हुए कहा कि संगठन तभी मजबूत होता है जब सभी लोग एक दूसरे की आवाज पर बिना पूंछे मौके पर पहुंच जाए । आगे उन्होंने कहा कि हम सबको पत्रकार बनकर काम करना है नकि पक्षकार बनकर ।मंडल उपाध्यक्ष आरके शर्मा ने कहा कि आज के समय मे कुछ लोग पत्रकारिता का चोला ओढ़कर अनैतिक कार्यो में लिप्त होकर पत्रकारिता को बदनाम कर रहे। हम सबको अपना सम्मान बचाते हुए पत्रकारिता मिशन को आगे बढ़ाना होगा ।राजेश चतुवेर्दी,परवेज आलम,राजकरन पटेल,अखिलेश त्रिपाठी,अजय द्विवेदी,एसपी सिंह,इश्तियाक अहमद ,फाजत अली, राशिद हयात, मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी, मोसिम खान, नियामत हुसैन, मोहम्मद अल्तमस आदि दर्जनों पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# डॉ. सोनेलाल पटेल के दिखाए मार्ग पर देश का विकास संभव : दिलीप पटेल

अखण्ड भारत संदेश






**लेडियारी।** डॉक्टर सोनेलाल पटेल आधुनिक समाज के द्रष्टा थे उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही देश का कल्याण हो सकता है। उक्त बाते अपना दल कमेरावादी के राष्ट्रीय प्रभारी एडवोकेट दिलीप पटेल ने मोजरा पवारी ग्राम सभा में विधान सभा कोरांव की विधान सभा स्तरीय बैठक में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा। श्री पटेल ने आगे बताया कि अपना दल कमेरावादी द्वारा बोधिसत्व डॉक्टर सोने लाल पटेल जी का जन्म दिवस जिला पीलीभीत के बीसलपुर में मनाया जाएगा। जिसमें सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी शामिल हो एवं कुछ अन्य कमेरा समाज को लेकर आए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उमेश पटेल ने संगठन की समीक्षा किया तथा संगठन की मजबूती के लिए पुष्पराज सिंह, अरबिंद, पंकज पटेल, अभय पटेल जिला अध्यक्ष युवा मंच, राकेश प्रधान को नियुक्त किया तथा संगठन में निष्क्रिय पदाधिकारियों के स्थान पर नए कार्यकताओं की नियुक्ति की जाय। जबकि जिला अध्यक्ष यमुनापार एडवोकेट रमेश चन्द्र पटेल ने कहा कि दुसरी आजादी के महानायक बौद्धिष्ट डॉ सोनेलाल पटेल के जन्मदिवस समारोह कार्यक्रम पीलीभीत में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनायें और वहीं से 2024 का आगाज करें । कार्यक्रम का प्रारंभ डॉक्टर साहब के चित्र पर माल्यार्पण करके तथा सांस्कृतिक मंच के जिला अध्यक्ष प्रेम पटेल के गीत से हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजाराम पटेल, जिला मिडिया प्रभारी रामबाबू पटेल, नन्दलाल पटेल, जगत बहादुर सिंह पटेल, शिव बहादुर, रामबाबू भारतीय, भगवान कुशवाहा, शैलेंद्र भारतीय, दूध नाथ दिवाकर, पंकज पटेल, कमल भान, गुलाब प्रजापति, अरविंद, इंद्रजीत, डॉ मुनीश पटेल, अजीत प्रधान, डॉक्टर पार्थ सहित दर्जनों कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता विधान सभा अध्यक्ष कोरांव एडवोकेट अरविंद पटेल एवं संचालन राकेश पटेल ने किया। कार्यक्रम के संयोजन जिला अध्यक्ष युवा मंच अभय पटेल ने किया तथा कार्यक्रम में दर्जनों कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# सपा विधानसभा अध्यक्ष बच्चा यादव का कई गांव में किया गया स्वागत

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व सदस्य लगातार पार्टी में सदस्यों की बढ़ोत्तरी के लिए प्रचार प्रसार करने में जुटे हुए हैं। सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष श्याम सिंह उर्फ बच्चा यादव का मऊ आइमा के कई अलग-अलग गांवों में भाव्य स्वागत माला पहनाकर किया गया । तथा लोगों से समाजवादी पार्टी के कार्यों की नीतियों के बारे में बताया गया। ।इस मौके पर खिन्नीलाल पासी, जिला पंचायत सदस्य पार्षद राजकुमार पासी, दयाशंकर ,कमल सिंह ,मोहम्मद अशरफ, विनोद गौतम ,सुशील यादव ,राम सजीवन, धनंजय सिंह यादव समेत दर्जनभर कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### खबर संक्षेप

## भाइयों में खूनी संघर्ष, चली गोली महिला घायल

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ईसीपुर मलावा में सोमवार की सुबह नाली के विवाद में दो सगे भाई एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। दोनो पक्षों में लाठी-डंडे चलने के साथ गोली भी चली। इस दौरान एक महिला जख्मी हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस घायल को उपचार के लिए भेज पीड़ित की तहरीर पर हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। ईसीपुर मलावा निवासी मो. जैद व जावेद दोनो सगे भाई हैं सोमवार की सुबह नाली के विवाद को लेकर जैद व जावेद की पत्नी अमीना में बहस होने लगी माला इस कदर बड़ा की दोनो परिवार एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। लाठी डंडे चलने के साथ गोली भी चली जिसमे अमीना के सर में गंभीर चोट आई। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल अमीना को आनन फानन में अस्पताल ले गई। उसकी तहरीर पर पुलिस ने जैद के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। मामले में इंस्पेक्टर वैभव सिंह ने बताया की आरोपी को पकड़ कर जल्द ही जेल भेजा जाएगा।

# मेजा में एलएलबी की परीक्षा देते मुन्ना भाई को किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय की एलएलबी परीक्षा में नगर पंचायत सिरसा स्थित लाला लक्ष्मीनारायण डिग्री कॉलेज में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहा मुन्ना भाई पकड़ लिया गया। जानकारी पर पुलिस पहुंच फर्जी परीक्षार्थी को थाने उठा ले गई। लेकिन अभी तक कार्रवाई न होने से पुलिस पर सवाल खड़े हो गए हैं।उक्त महाविद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र जायसवाल ने वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि उनका कॉलेज कुल 16 कॉलेजों का परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिसमें सात एलएलबी व नौ बीएड कॉलेज के परीक्षार्थी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक चलने वाली द्वितीय पाली की परीक्षा में एलएलबी छठवें सेमेस्टर की परीक्षा शुरू हुई, तो आन्तरिक सचल दस्ता परीक्षा में शामिल परीक्षार्थियों की गहन तलाशी में जुट गया। इस दौरान कक्ष संख्या छह में परीक्षार्थी भोजनीय प्रसाद अश्वनी के स्थान पर दूसरा परीक्षार्थी परीक्षा देते मिल गया। पूछने पर उसने अपना नाम कन्हैया लाल निवासी गोसौरा थाना मेजा बताया। फर्जी परीक्षार्थी को पकड़ प्राचार्य व सचल दस्ता कार्यालय ले गया। इसके बाद लिखापढ़ी कर पुलिस को सौंप दिया।



### नकल किसी भी दशा में नहीं होने दिया जाएगा

प्राचार्य ने बताया कि उनका कॉलेज अनुदानित है। इसलिए विश्वविद्यालय की ओर से 16 कॉलेजों का केन्द्र बनाया गया है। दूसरी पाली में कुल 14 कक्षा कक्षों में परीक्षा का संचालन हुआ, जिसमें 703 परीक्षार्थियों में 664 उपस्थित रहे। कहा कि नकल किसी भी दशा में नहीं होने दिया जाएगा।मामले में मेजा प्रभारी निरीक्षक राजेश उपाध्याय ने बताया कि कॉलेज कक ओर से अभी तक तहरीर न मिलने के कारण अग्रिम कार्रवाई नहीं हो सकी है। जैसे ही तहरीर मिलेगी,अभियोग दर्ज कर मुन्ना भाई पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## रज्जू भैया विश्वविद्यालय की एलएलबी परीक्षा शुरू

**मेजा।** रज्जू भैया विश्वविद्यालय की चल रही एलएलबी की परीक्षा में सिरसा स्थित लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहा मुन्ना भाई पकड़ लिया गया।जानकारी पर पुलिस पहुंच फर्जी परीक्षार्थी को थाने ले गई।महाविद्यालय के प्राचार्य महेंद्र जायसवाल ने बताया कि उनके कालेज में कुल 16 कालेजों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमें सात एलएलबी व 9 बीएड कॉलेज के परीक्षार्थी पहुंचे हैं। दोपहर 1:00 बजे से 4:00 बजे तक चलने वाली द्वितीय पाली की परीक्षा में इ.एं सिक्स सेमेस्टर की परीक्षा शुरू हुई तो आंतरिक सचल दस्ता परीक्षा में शामिल परीक्षार्थियों की गहन तलाशी में जुट गया। इस दौरान कक्ष संख्या6 में परीक्षार्थी भोजनीय प्रसाद अश्वनी के स्थान पर दूसरा परीक्षार्थी परीक्षा देते मिल गया। पूछने पर उसने अपना नाम कन्हैयालाल निवासी गोसौरा बताया।फर्जी परीक्षार्थी को पकड़ प्राचार्य सचल दस्ता कार्यालय ले गये जहा लिखा पढ़ी कर पुलिस को सौंप दिया। प्राचार्य ने बताया कि उनका कॉलेज अनुदानित है इसलिए विश्व विद्यालय की ओर से 16 कॉलेजों का केंद्र बनाया गया है। दूसरी पाली में कुल 14 कक्षाओं में परीक्षा का संचालन हुआ। जिसमें 703 परीक्षार्थियों में 664 उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि नकल किसी भी दशा में नहीं होने दिया जाएगा।

# फांसी के फंदे पर लटकता मिला अधेड़, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**घर के दूसरे तल पर खिड़की की जाली में गमछे के फंदे से लटका मिला शव**



**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र थानाअंतर्गत तेंदुआवन गांव में एक ने फांसी लगाकर अत्महत्या कर ली घरवालों को पता चला तो कोहराम मच गया इलाकाई पुलिस को खबर दी गई। पुलिस पहुंची मौके की छानबीन की कोई सुसाइड नोट नहीं मिला लाश को फंदे से उतारकर पुलिस ने पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। घर वालों ने यमुनानगर के इंडस्ट्रियल एरिया थाना अंतग्गत तेंदुआवन गांव निवासी नीरज मिश्रा उप्फ रमेश मिश्र (50) पुत्र सत्यनारायण मिश्रा स्वयं का कारोबार करते थे। उनके दो बेटे और तीन बेटियां हैं पत्नी रेखा मिश्रा है घरवालों ने बताया कि सोमवार को वह घर के दूसरे तल पर बने कमरे में लगी खिड़की की जाली में गमछे के फंदे से फांसी पर लटकते मिले पत्नी जब कमरे में झाड़ू लगाने गई तो वह फंदे पर लटकता मिला जिससे उसकी चीख निकल गई परिवार के लोग पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई तब तक गांव के अन्य लोग भी आ गए लाश को नीचे उतारा गया। तब तक में उनकी मौत हो चुरकी थी पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। थाना प्रभारी संजीव चौबे ने बताया कि अभी खुदकुशी की वजह घरवालों ने कुछ नहीं बताई है पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमा्टम के बाद आगे की कार्यवाही होगी।

# राष्ट्रपति के साथ सर्बिया की यात्रा बहुत बड़ी उपलब्धि : जय शुक्ल

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** हमारी माननीय राष्ट्रपति श्रीमती. द्रौपदी मुर्मू 7 जून 2023 से 9 जून 2023 तक सर्बिया देश की आधिकारिक राजकीय यात्रा पर थीं। उनके साथ रक्षा, ऊर्जा आदि क्षेत्रों से एक मजबूत भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी था। ऊर्जा व्यापार प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व हमारे अपने मेजा के लाल जय शंकर शुक्ला, अवाडा एनर्जी झ निदेशक, ने किया था। पिछले 50 वर्षों में किसी भी भारतीय राष्ट्रपति की यह सर्बिया की पहली यात्रा थी। 7 जून 2023 को भारतीय समुदाय ने राष्ट्रपति के लिए एक स्वागत समारोह का आयोजन किया। 8 जून 2023 को, सर्बियाई राष्ट्रपति द्वारा दोपहर के भोजन और विभिन्न व्यावसायिक चर्चाओं के लिए राष्ट्रपति और व्यापार प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की गई। बाद में शाम को, सर्बियाई राष्ट्रपति ने अपने आधिकारिक निवास पर रात्रिभोज के लिए भारतीय राष्ट्रपति और कुछ चयनित प्रतिनिधियों की मेजबानी की, श्री जय शंकर शुक्ला को भी इसके लिए आमंत्रित किया गया था। श्री जय शंकर शुक्ला ने सेबिया की ऊर्जा मंत्री श्रीमती बुब्रावका जेदोविक के साथ बहुत ही संवादात्मक चर्चा की। उन्होंने सर्बिया नेशनल बैंक की गवर्नर श्रीमती जोगोर्वका तबाकोविक, उप प्रधान मंत्री श्री मिलोस वूसेविक और सर्बिया के राष्ट्रपति श्री अलेक्जेंडर वूसिक के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। यह वास्तव में हमारे क्षेत्र के लोगों के लिए सम्मान की बात है कि उनमें से एक व्यक्ति ने देश का प्रतिनिधित्व किया है और राष्ट्रपति के साथ प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा था। इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति के साथ संसद सदस्य श्रीमती साध्वी निरंजन ज्योति और श्रीमती रमा देवी भी थीं। भारतीय राजदूत श्री संजीव कोहली और विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी जय शंकर शुक्ला के बहुत अच्छे दोस्त बन गए। श्री शुक्ला ने दोनों संसद सदस्यों को यह भी जानकारी दी कि उन्हें अपने सर्बियाई समकक्ष के साथ किन मुद्दों/चर्चा करनी चाहिए।



## दो बाइकों में भिड़ंत तीन घायल एक गंभीर

**लेडियारी।** खीरी थाना क्षेत्र के कैथवल पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा में आ रहे दो बाइक सवार आमने-सामने भिड़ गए जिसमें बैठे तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपी सौ पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से एक को इलाज के लिए सीएचसी कोरांव भेजा ,जब की दो अन्य को सीधे घटनास्थल से उनके परिजन जिला अस्पताल ले गये। उधर सीएचसी पहुंचे युवक को भी स्थिति गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शांतनु 16 पुत्र सुरेश कुमार भुर्तियां व सत्यनारायण गोलू 13 पुत्र विक्रम निवासी कुड़ुरी थाना चाकघाट मध्य प्रदेश अपने घर से सोमवार को शाम पांच बजे लेडियारी बाजार जा रहे थे। विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार वीरेंद्र बिंद19 पुत्र चंद्रमा प्रसाद निवासी धोबहट थाना खीरी सामने से भिड़ गए जिसमें दोनों बाइक सवार गड्ढे में गिर गए । विरेन्द्र सहित शान्तनु और सत्य नारायण की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए गुणवत्ता पूर्ण विश्लेषण जरुरी: विशेषज्ञ

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी शिक्षाविदों, शोधकताओं और स्नातकोत्तर छात्रों को उनके अनुसंधान कार्यक्रमों को गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से यूनाइटेड यूनिवर्सिटी (यूयू) के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा रिसर्च टूल पर सात दिवसीय कार्यशाला का सोमवार से शुभारम्भ किया गया कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के बाद सरस्वती वंदना से हुई मुख्य अतिथि बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के सांख्यिकी विभाग के प्रो ज्ञान प्रकाश ने अनुसंधान उपकरणों के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि रिसर्च टूल के प्रयोग से कैसे अनुसंधान कार्यक्रमों को उल्लेखनीय बनाया जा सकता है। यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंसेज (यूआईएमएस) की बायोकैमिस्ट्री की प्रमुख डॉ. गीता जयसवाल ने शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान की प्रासंगिकता पर अपने विचार साझा किए प्रिंसिपल, यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (यूआईटी) प्रो संजय श्रीवास्तव और डीन, योजना और विकास, यूयू डॉ. चेतन व्यास ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शोध कार्यकर्मों को करने के लिए गुणवत्तापूर्ण विश्लेषण का किया जाना अतयन्त आवश्यक है कार्यशाला के पहले दिन शिक्षाविदों और उद्योगों के साथ-साथ 60 से अधिक शोध विद्वानों ने भाग लिया इस अवसर पर डॉ. लवली श्रीवास्तव, डॉ. राजलक्ष्मी श्रीवास्तव डॉ. मधुलिका सिंह, डॉ. प्रियंका कोचर रजत सिंह, डॉ. स्मिता एवं डॉ. ज्योति उपस्थित रहीं।




## अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के उपलक्ष्य पर जन जागरूकता बैठक संपन्न



**नैनी।** नैनी सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के उपलक्ष्य पर नैनी के पाठक मार्केट पर जन जागरूकता अभियान के तहत एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे प्रयागराज के प्रसिद्ध न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अजय कुमार मिश्रा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए तथा सिजोफ्रेनिया जैसे मानसिक रोगों के लक्षण व इलाज संबंधित जानकारियों को साझा करते हुए नशा मुक्ति व इसकी रोक थाम पर चर्चा किया अजय मिश्रा ने बताया कि नशे की लत छूट सकती है, अगर परिवार जागरूक हो तो लगन व विस्वास के साथ इलाज करवाने पर नशे कि लत जैसी गंभीर कष्टों से मुक्ति पाया जा सकता है इस दौरान बैठक के आयोजक व समाज सेवी पं० विजेंद्र पाठक ने सभी से यह अनुरोध किया कि तमाम जानकारियों से सीख लेते हुए इसे समाज में जागरूकता प्रसारित करने हेतु उपयोग में लाए व अपने युवाओं को इस अभिषाप से बचाए इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी बद्री प्रसाद मिश्र व गजेन्द्र प्रताप सिंह ने नशा मुक्ति अभियान चलाए जाने की मांग की व अपराध निरोधक दस्ते से मनीष विश्वकर्मा ने कानून कि सहायता से अवैध नशीले पदार्थो की बिक्री पर रोक थाम हेतु प्रयासों पर प्रकाश डाला इस दौरान समाजसेवी विकास दुबे, अरुण मिश्रा, सुल्तान सेख, सर्वेश तिवारी,शनि शुक्ला व प्रकाश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# जमीन के विवाद में चाचा-भतीजे को बेरहमी से पीटा, गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के लेप्रोसी हॉस्पिटल के समीप सोमवार की सुबह बाइक सवार चाचा-भतीजे पर कुछ लोगों ने जमीन के विवाद मे हमला कर दिया। हमलावारों ने दोनों को इनता पीटी की वह मरणासन्न हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चाचा भतीजे को शहर स्थित एक प्राइवेट हास्पिटल में भर्ती कराया है। जहां दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है तेंदुआवन गांव में रहने वाले सूरज पांडेय का उसी गांव के कुछ लोगों से जमीन का विवाद हो गया। रविवार को दोनों पक्षों मे कहासुनी भी हुई थी। पुलिस तक मामला पहुंचने पर रविवार को विवाद खत्म हो गया। आरोप है कि सोमवार की सुबह सूरज पांडेय 47 अपने भतीजे रचित पांडेय पुत्र रूपक पांडेय के साथ शहर स्थित एक हास्पिटल मे इलाज कराने जा रहे थे, जैसे ही दोनों बाइक से लेप्रोसी हास्पिटल के समीप पहुंचे वहीं उनकी बाइक को रूकवाकर कुछ लोगो ने उन्हे जमकर मारा पीटा, जिसमें चाचा-भतीजे को गंभीर चोटे आई हैं। दोनों को शहर स्थित एक प्राइवेट हास्पिटल के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है। मामलें में इंस्पेक्टर नैनी बृजेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### जमीनी विवाद में मारपीट व तोडफोड, चार के विरुद्ध मुकदमा

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में जमीन के विवाद को लेकर पड़ोसी लाठी डन्डे लेकर आमने सामने हो गए और जम चले लाठी डंडे तथा तोड फोड़ किये पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा के कल्याणपुर गांव निवासी श्याम लाल सोनी पुत्र बंसी लाल के मुताबिक जमीन विवाद को लेकर पडोस के फोटो देवी ,सुशील कुमार सुधीर कुमार व रीता देवी लाठी डंडे लेकर गाली गुप्ता देते हुए पहुचे और मारने लगे जान बचाकर घर मे भागा तो दरवाजा तोड दिया शोर मचाने पर लोगो को आता देख जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

### अलग अलग गांवों में जमीनी विवाद में मारपीट 7 पर मुकदमा

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र के दो अलग अलग गांव में जमीनी विवाद को लेकर जम कर चले लाठी डंडो में कई घायल हुए है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों मामलों में सात के वियूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी श्याम लाल सोनी पुत्र बंशीलाल का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर उसका दरवाजा विपक्षी तोड डाले और परिजनों को मारे पीटे।श्याम लाल सोनी ने मऊआइमा थाने में फोटो देवी, सुशील कुमार, सुधीर कुमार, रिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम मदारी निवासी राहुल सिंह पुत्र राम आसरे सिंह का आरोप है कि घरेलू बंटवारे को लेकर उसे लेकर परिजनों ने मारा पीटा और मोबाइल तोड दी। राहुल सिंह ने मऊआइमा थाने में जगदीश सिंह, देवराज सिंह, दो अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## करंट लगने से वृद्ध की मौत

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी योजना-3 में रहने वाले एक वृद्ध की रविवार की देर रात करंट लगने से मौत हो गई मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पीएम कराया। करछना मुरारी गांव के रहने वाले शरद चंद्र श्रीवास्तव 60 आवास विकास कॉलोनी योजना 3 में अपने भाई के मकान में पत्नी के साथ रहते थे। इनके दो बेटे परिवार सहित दिल्ली में है। शरद चंद्र श्रीवास्तव दो दिन पहले ही पत्नी को दिल्ली छोड़कर झूंसी लौटे थे। रविवार की रात फ्रिज में उतर रहे करंट की चपेट में आने से इनकी मौत हो गई। मृतक शरद चंद्र श्रीवास्तव के रिश्तेदार बैरहना निवासी अंकित ने मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी थी।

## महिलाओं को किया जागरूक

**झूंसी।** मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा महिलाओ को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सोमवार को चक हरिहर वन में झूंसी पुलिस द्वारा महिलाओ व छात्राओ को जागरूक किया गया। उप निरीक्षक प्रियंका सिंह ने उपस्थित महिलाओ व युवतियों को मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी साथ ही महिलाओं व लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए जागरूक किया। महिला कांस्टेबल पुष्प लता ने महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी।

# केशवपुर अशरफपुर ग्राम सभा में पौधरोपण के नाम पर हुआ भारी घोटाला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने व धरती को हरा भरा करने के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा हर वर्ष पौध रोपण के लिए करोड़ों रुपए आवंटित किया जाता है। भारी भरकम रकम आवंटित होने के बावजूद पौधे जमीनी स्थल पर नही दिखाई देते हैं। पौधरोपण के नाम पर प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपए खर्च होने के तत्पश्चात धरती हरी भरी नही हो रही है बल्कि लगातार पेड़ों के कटान से स्थिति और भी बदतर होती जा रही है इसके पीछे का मुख्य कारण भ्रष्ट अधिकारी हैं जो अपने दायित्वों का सही तरीके से पालन नही करते बल्कि कमीशनखोरी तक सीमित रह गए हैं।

प्रत्येक वर्ष हर ग्राम पंचायतों में पौधरोपण का कार्य कराए जाने के लिए रकम आवंटित किया जाता है लेकिन ग्राम पंचायत के जिम्मेदार लोगों का यह हाल है कि बिना पौधरोपण का कार्य कराए ही पौधरोपण के लिए आवंटित की गई धनराशि को निकाल लेते हैं या फिर मात्र पौधरोपण कराए जाने का दिखावा कर धनराशि निकाल लेते हैं और नीचे से लेकर ऊपर तक के अधिकारी सहित तमाम लोग आपस में पौधरोपण की रकम का हिस्सा बाट कर लेते हैं।

प्रदेश की सरकार पौधरोपण का कार्य कराए जाने के लिए करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा चुकी है लेकिन उच्च अधिकारी अपने अधिनस्थ के द्वारा कराए गए पौधरोपण का स्थलीय निरीक्षण करने बिल्कुल नही जाते जिसके चलते निम्न स्तर के अधिकारी व कर्मचारी प्रदेश सरकार को बदनाम करने के लिए सरकार की मंशा के विपरित कार्य करते हैं। उदाहरण के तौर पर भगवतपुर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम सभा केशवपुर अशरफपुर का यही हाल है कि इस ग्राम सभा में जमीन पर एक भी पौधा नही दिखाई दे रहा है लेकिन पौधरोपण के नाम पर भारी भरकर धनराशि जिम्मेदारों ने निकाल लिया है।

## सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए जान जोखिम में डालकर स्टंट करता युवा



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में सोशल मीडिया पर फेमस होने की चाहत में लगे युवा अपनी जिंदगी को खतरे में डालने से भी नहीं चूक रहे हैं. हाल ही में ऐसे कई वीडियो वायरल हुए हैं, जिसमें युवक अपनी जान को जोखिम में डालकर कर रेलवे ब्रिज पर स्टंट करते दिख रहे है, जबकि युवक रेलवे ब्रिज खड़े होकर डांस कर रहे हैं. स्टंट करने को लेकर आए दिन ऐसे वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं लेकिन स्थानीय प्रशासन और रेलवे जीआरपी कोई कार्यवाही नहीं करती। जिससे कि युवाओं के हौसले बुलंद है। उक्त वीडियो एनटीपीसी कोहड़ार को जा रही रेलवे लाइन जोकि अमिलिया कला में क्रॉस करती है वहां का बताया जा रहा है। आये दिन युवक उस क्रॉस करती रेलवे ब्रिज लाइन पर चढ़कर डांस और स्टंट करते हुए दिख जाते हैं। फिलहाल युवक अपनी जान जोखिम में डाल ही रहे हैं साथ ही साथ प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं।

## पूजा कर लौट रहे भक्तों से भरी बस पलटी,15 के घायल होने की खबर

**प्रयागराज।** थरवई थाना क्षेत्र में सोमवार को शिव भक्तों से भरी बस पलट गई। हादसे में कई लोगों के घायल होने की सूचना है। हादसे के बाद स्थानीय लोग मदद के लिए आगे आए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्रयागराज के थरवई थाना क्षेत्र में जेतवारडीह रेलवे पुलिया के पास की घटना बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, सहसों के डी आर पब्लिक स्कूल की बस है। निशान तिवारीपुर गांव के सोमनाथ विश्वकर्मा के घर से निकला था। पड़िला महादेव मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद शिवभक्त घर वापस जा रहे थे। मौके पर 10 से 15 लोगों के घायल होने की सूचना मिली है। घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर घायलों का इलाज किया जा रहा है।

# स्पोकन इंग्लिश के फंडामेंटल रूल्स उनकी बारीकियों की दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी खेल के माध्यम से दी जानी चाहिए शिक्षा क्षेत्रीय अंग्रेजी आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का आज पांचवा अंतिम दिन रहा। निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा, सीबीएसई से मान्यता प्राप्त, विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र खरकौनी नैनी प्रयागराज में दिनांक 22 जून 2023 से यह वर्ग चल रहा था, क्षेत्रीय अंग्रेजी आचार्य प्रशिक्षण वर्ग प्रतिदिन की तरह आज भी प्रथम सत्र से पहले अभ्यास एवं वंदना सत्र चला। प्रथम सत्र में इंदिरावती वरिष्ठ प्रवक्ता अंग्रेजी इंग्लिश लैंग्वेज ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट और कृष्णा प्रवक्ता अंग्रेजी ने स्पोकन इंग्लिश के फंडामेंटल रूल्स और उसके बारीकियों से आचार्यों का मार्गदर्शन किया। आप दोनों ने बताया कि बच्चों को खेल के माध्यम से शिक्षा दी जानी चाहिए। श्रीमती कृष्णा ने बच्चों में प्रश्न निर्माण करने की क्षमता कैसे आए इसके लिए टिप्स दिए, आपने कहा प्रश्न निर्माण स्पोकन इंग्लिश का मूल है। तत्पश्चात समापन सत्र में संभाग निरीक्षक गोपाल तिवारी ने वर्ग का सारांश प्रस्तुत किया संगीताचार्य सतीश ने एकल गीत प्रस्तुत कर सबके मन को मुग्ध कर दिया दिनेश ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीसवीं सदी अमेरिका की सदी थी, 21वीं सदी भारत की सदी है। आज भारत और भारत की महिमा का गुड़गांन दुनिया करते नहीं थक रही है। भारत एक बार पुनः जगद्गुरु बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। आपने कहा कि बीसवीं सदी के शिक्षक 21वीं सदी के निमार्ताओं का निर्माण करने में लगे हैं, इसलिए यह आसान कार्य नहीं है। क्योंकि उन्हें 100 साल की खाई को पाटना है। अतः शिक्षकों को नए नए स्किल से लैस होने की आवश्यकता है। आपने कहा कि यह वर्ग सिखाने के लिए नहीं था बल्कि जिज्ञासा पैदा करने के लिए था तत्पश्चात मुख्य अतिथि डॉ अशोक सिंह प्राचार्य डायट प्रतापगढ़ एवं सीमेट के उपनिदेशक ने कहा कि शिक्षा देश की दशा सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा देश को दिशा देती है। वर्तमान युग तकनीकी युग है, अतः हमें अधिकाधिक तकनीकों से लैस होने की आवश्यकता है। सबसे अंत में संभाग निरीक्षक गोपाल तिवारी ने आभार ज्ञापन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉक्टर विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी दिनेश दुबे कमलेश मिश्रा ,विभूति नारायण सिंह, राधेश्याम तिवारी, सुरेश्वर प्रसाद मिश्र, संजय कुमार मिश्रा, अमित कुमार नायक ,बनवारी लाल चौरसिया ,विनोद कुमार, रामकरण सिंह, श्याम बालक द्विवेदी, किशन श्रीवास्तव, सतीश शुक्ला ,संतोष कुमार, राजकुमार मिश्रा, चंद्रजीत यादव, अंशुमान मिश्रा समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।





## करंट की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की हुई मौत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** हाईटेंशन तार की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई । ग्रामीणों ने मामले की वन विभाग को दी सूचना। सूचना मिलते ही मौके पर वन कर्मी पहुंचकर राष्ट्रीय पक्षी मोर को लेकर चले गए। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रमईपुर नेवादा गांव में सोमवार की सुबह करीब 6 बजे के आसपास ग्रामीण शौच के लिए गए हुए थे। तभी वहां पर सड़क के किनारे लगे 11000 वोल्टेज वाले पोल के नीचे राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत पड़ा हुआ था। देखते ही देखते वहां पर ग्रामीणों का मजमा लगने लगा। इसी दौरान गांव के रहने वाले राजू तिवारी ने डायल 112के साथ वन कर्मियों को सूचना दिया। सूचना के कुछ ही देर बाद 112 पुलिस कर्मी भी मौके पर पहुंचे। मामले की तहकीकात किए कुछ ही समय में वन्य कर्मी भी मौके पर पहुंचे और मृत पड़े राष्ट्रीय पक्षी मोर को अपने साथ लेकर चले गए।

# 18 वर्ष से कम आयु के निरूद्ध बन्दियों को दी जाएगी विधिक सहायता

### अपर जिला जज ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के मार्गदर्शन में जिला कारागार का अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने निरीक्षण किया एवं बन्दियों को विधिक रूप से जागरूक किया।

सचिव द्वारा जिला कारागार में स्थित महिला बैरक, बाल चक्र, पाकशाला, जेल अस्पताल, लीगल एण्ड क्लीनिक एवं वीडियो कान्फ्रेसिंग रूम सहित जेल परिसर की साफ-सफाई, महिला बन्दियों की तलाशी रूम का निरीक्षण किया गया। प्रत्येक बैरिक में मनोरंजन के लिये टी0वी0 लगी



जिला कारागार का निरीक्षण करते न्यायिक अधिकारी।

है जो चालू हालत में बतायी गयी। इस अवसर पर बालचक्र में निरूद्ध किशोर बन्दियों से मिलकर उनके अपराध और उनकी आयु के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी। जिला कारागार में 18 वर्ष से कम आयु के निरूद्ध बन्दियों को चिन्हित करने और ऐसे बन्दियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में जेल अधिकारी को निर्देशित किया गया। यह भी निर्देशित किया गया कि जिन सिद्धदोष बन्दियों की अपील हो गयी है सम्बन्धित रजिस्टर में उनकी अपील संख्या और पूर्ण विवरण अंकित किया जाये। अपील सम्बन्धित रजिस्टर में पूर्ण विवरण अंकित किया जाना सुनिश्चित किया जाये। ऐसे चिन्हित सिद्धदोष बन्दी जो आर्थिक कठिनाई के कारण या अन्य किसी कारण से अपील करने में सक्षम नहीं है उनकी निःशुल्क अपील कराने के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को अवगत कराया जाये। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जिन बन्दियों को अपने मुकदमें की पैरवी हेतु निःशुल्क पैनल अधिवक्ता की आवश्यकता है उनके आवेदन पत्र लिखित रूप से प्राप्त करके उनके आवेदन पत्र रजिस्टर में अंकित करके जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध कराये जिससे बन्दियों को उनके मुकदमें की पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर जेल विजिटर विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट द्वारा किशोर एवं महिला बन्दियों को उनके विधिक अधिकारों एवं प्लीबारगेनिंग तथा जमानत के सम्बन्ध में विधिक जानकारी देते हुये जागरूक किया गया। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि बन्दियों के लिये कौशल विकास हेतु कार्यक्रम चलाने की व्यवस्था की जाये। इस अवसर पर जेल अधीक्षक सहित उप जेलर आफताब अहमद अंसारी व सुनील कुमार द्विवेदी, शारदा देवी उपस्थित रहे।

### तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज के बेलहा मदनगढ़ निवासी जीतलाल कोरी के पुत्र लाल कुमार उर्फ अनूप ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती उन्नीस जून को गांव के विपक्षी बृजलाल कोरी के पुत्र जसपाल तथा जसपाल के पुत्र विशाल व सुबरेटन कोरी के पुत्र मुकेश उर्फ नाटे ने रंजिशन एकराय होकर पीड़ित को मारने पीटने लगे।

## सांसद आवास के सामने से बाइक चोरी, सीसीटीवी में चोर कैद

### संगम इंटरनेशनल स्कूल में पुत्र का रिजल्ट लेने गए रेल कर्मी की थी बाइक

सांसद के निर्देश पर सक्रिय हुई पुलिस ने शुरू की पड़ताल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सांसद संगम लाल गुप्ता के आवास के सामने खड़ी बाइक चोरी करने का दुस्साहस चोर ने किया है। रविवार सुबह उनके स्कूल में रिजल्ट लेने आए एक अभिभावक की बाइक उस चोर ने उड़ा दी है। चोर आवास पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हुआ ही। इस घटना से हड़कंप मच गया आनन फानन में चैकी पुलिस के लोग मौके पर पहुंच कर पड़ताल शुरू कर दिए। लेकिन चोर पकड़ में नहीं आया। जबकि सांसद आवास के बाहर उनके स्कॉर्ट में चलने वाले पुलिस का भारी लाव लश्कर रहता है। ऐसे में चोर की हिम्मत की दाद देनी पड़ेगी। कोतवाली नगर के रामपुरी गौरी पूरे मोहन के रहने वाले रंजीत मिश्रा जगेशरगंज रेलवे स्टेशन पर बतौर एसएस हैं। उन्होंने बताया कि उनका बेटा संगम इंटर नेशनल स्कूल कटरा मेंदानीगंज में क्लास बारह में पढ़ता है। वे रविवार को उसका अंक पत्र लेने उसके स्कूल गए थे। बाइक यूपी 72 एएम 6460 स्कूल गेट के बाहर ही खड़ी कर दिए और अन्दर चले गए। कुछ समय बाद बाहर आए तो बाइक गायब थी। उन्होंने इसकी शिकायत स्कूल प्रशासन से की। मामला सांसद संगम लाल तक पहुंच गया। रंजीत मिश्रा ने बताया कि उन्होंने स्वयं घटना के बारे में सांसद को बताया। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने सीसीटीवी कैमरा चेक किया। उसमें चोर लाल रंग की टी शर्ट, काला पैंट और पीला गमछा पहने हुए दिखाई दिया। रंजीत मिश्रा ने कोतवाली में भी घटना की तहरीर दी है। मजे की बात यह है कि चोर ने सांसद आवास के सामने से ही बाइक उड़ा दी। जहां पर फोर्स तैनात रहती है।

## युवक की हत्या को लेकर उदयपुर पुलिस के तीसरे दिन भी हाथ खाली

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** युवक की हत्या को लेकर उदयपुर पुलिस के हाथ तीसरे दिन भी खाली रहे। पुलिस अभी तक हत्यारोपियो की तलाश में टीम गठित कर दबिश पर दबिश दे रही है। हालांकि हत्याकांड मे नामजद चार आरोपियो मे से उदयपुर पुलिस को अभी तक एक भी आरोपी हत्थे नही लग सका है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे बसावन गांव में शनिवार की सुबह गांव के युवक दीपक सिंह सोनू की आशनाई के चलते गोली मारकर हत्या कर दी गयी।

हत्यारो ने मृतक का शव सीमावर्ती सलोन थाने के गाडी सई घाट पर फेंक दिया था। युवक की हत्या को लेकर उसके चाचा

### आशनाई के चलते गोली मारकर हुई थी हत्या

शेष कुमार सिंह की तहरीर पर चार आरोपियो के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। घटनास्थल पर पहुंचे जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र भी हत्याकांड मे उदयपुर पुलिस को आरोपियो की धरपकड के तल्ख निर्देश दिये थे। घटना को लेकर उदयपुर एसओ निकेत भारद्वाज का कहना है कि आरोपियो की तलाश में लगातार प्रयास जारी है, शीघ्र ही आरोपियो को हिरासत मे ले लिया जाएगा। वहीं सोमवार को सीओ रामसूरत सोनकर ने भी सोनू हत्याकांड को लेकर शीघ्र ही आरोपियो की धरपकड का दावा जताया। मृतक युवक अपने ननिहाल में आठ महीने से रह रहा था। गांव की ही एक लड़की से उसका प्रेम सम्बन्ध परवान चढ़ा तो लड़की के घरवालो को यह नागवार गुजरा। घटना के दिन भी मृतक के परिवारजनों के मुताबिक लड़की पक्ष के एक व्यक्ति ने उसके घर आकर धमकी दी थी। उदयपुर पुलिस भी हत्या को लेकर प्रेम सम्बन्धो से जुडे तार खंगाल रही है। उदयपुर पुलिस ने मृतक के फोन नंबर के अलावा कई अन्य घटना से जुड़े प्रतीत हो रहे नंबरो को सर्विलांस पर डिटेल के लिए भेज रखा है। इधर युवक की हत्या से ननिहाल एवं उसके पैतृक गांव कोतवाली नगर के केशवराय में सोमवार को भी मातम पसरा दिखा।

## दो दिवसीय जल जीवन मिशन हर घर जल का हुआ समापन

### ग्राम प्रधान व पंचायत सहायक व पंचायत सदस्यों ने प्रशिक्षण में लिया भाग

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर में सोमवार को दो दिवसीय जल जीवन मिशन हर घर जल योजना का खण्ड स्तरीय प्रशिक्षण का समापन खण्ड विकास अधिकारी प्रवीन कुमार श्रीवास्तव व सहायक विकास अधिकारी पंचायत संतोष कुमार शुक्ला की मौजूदगी मे ब्लाक सभागार कक्ष मे सम्पन हुआ, जिसमें उपस्थिति ग्राम प्रधानों व पंचायत सहायको तथा पंचायत सदस्यों को प्रशिक्षण पुस्तिका के साथ बैग व पेन दिया गया।

प्रशिक्षण हर जल जीवन मिशन 2024 के तहत घर घर जल योजना मे पानी की पाइप लाइन द्वारा सप्लाई के लिए जल निगम द्वारा ज्यादा से ज्यादा



सभागार कक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में मौजूद पंचायत सहायक व ग्राम प्रधान।

कनेक्शन घर घर मे दिया जाय और पानी की समय समय पर सप्लाई सुनिश्चित कराने पर ध्यान दिया जाय ताकि पानी से लोगो को किल्लत न हो कनेक्शन धारको से समय पर पानी के बिल का किराया जमा करने के लिए प्रेरित करे। जल ही जीवन है जिसका दुरूपयोग न होने पाये। बता दें कि भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की जल जीवन मिशन 2024 तक सभी परिवारों पाइप लाइन के सहारे जला पूर्ति करने के लिए स्वतंत्रता दिवस पर लाल किला से अपने भाषण मे साढ़े तीन लाख करोड़ की बजट की घोषणा किया था। जिसमे आजादी के 70 साल बाद भी लगभग 50 प्रतिशत तक पीने का पानी अभी तक घर घर तक नही पहुंच सका। प्रशिक्षण मे मुख्य रूप से ग्राम पंचायत सचिव ब्यास कुमार मौर्य आई एस बी, आफताब अहमद, श्रीराम, राम प्रताप यादव, रविशंकर सोनकर, प्रभांशु पांडे, शशिकांत सिंह, सुशील कुमार जायसवाल, अभिषेक शुक्ला, अनुराग यादव, कु0 ज्योति, उर्मिला, प्रदीप कुमार गुप्ता प्रधान कोराली, अजय कुमार पटेल, गेंदालाल, सियाराम मौर्य, राकेश सरोज, सुरेश यादव, अनिल कुमार मौर्य, राजेश कुमार मौर्य, प्रभाकर पटेल, अमित कुमार, नीलम, चंद्रपाल, राजेंद्र बहादुर सिंह, मनोज कुमार त्रिपाठी, विकास सोनकर आदि लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में सीएचसी अधीक्षक कालाकांकर डा0 मनोज कुमार वर्मा, खंड विकास अधिकारी कालाकांकर प्रवीन कुमार श्रीवास्तव व सहायक विकास अधिकारी पंचायत संतोष कुमार शुक्ला के साथ ब्लाक सभागार कक्ष में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया गया, जिसमें लोगो से अपील किया।

### सस्ती सरिया लेने के चक्कर में दो लोग हुए ठगी का शिकार

**पट्टी, प्रतापगढ़।** घर बना रहे दो लोगों को सस्ते दाम पर सरिया दिलाने के नाम पर बाइक सवार युवकों ने हजारों रुपए ठगी करके फरार हो गए। पीड़ितों ने घटना की सूचना की पुलिस को दी। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कांधरपुर गांव स्थित नहर किनारे चाय पान की दुकान पर सोमवार दोपहर दो युवक बगैर नंबर की बाइक पर आए और सस्ती सरिया बेचने की चर्चा करने लगे। इसी बीच कांधरपुर गांव के किशन पांडे घर बनवा रहे हैं उन्होंने सरिया के लिए पंद्रह हजार रुपए दे दिया। इसी तरह मिसौली गजरिया गांव के मनोज विश्वकर्मा ने भी छह हजार रुपए दे दिए। किशन पांडे व मनोज विश्वकर्मा को दोनों युवकों ने उडैयाडीह बाजार चलने को कहा दोनों पीड़ित बाइक से पीछे पीछे चल रहे थे। इसी बीच ठग युवकों ने अपने बाइक की स्पीड तेज कर पट्टी की तरफ भाग निकले। दोनों पीड़ितों जब दिए गए मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया तो वह स्विच ऑफ बता रहा है। पीड़ित ठगी के शिकार हो गए। पीड़ितों ने घटना की सूचना पट्टी पुलिस को दी है।

### मकान का दीवार तोड़ रहे पड़ोसी विरोध करने पर महिला को पीटा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मकान के पास बने बाउंड्री वाल को पड़ोसियों तोड़ रहे थे। जिसका विरोध करने पर उक्त पड़ोसियों ने महिला को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारने पीटने लगे। हल्ला गुहार होने पर आसपास के लोगों को आ जाने से किसी तरह उसकी जान बची। मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बीरापुर खुर्द गांव की रहने वाले सीमा पुत्री किशोरी लाल का पड़ोसियों से जमीन का विवाद चला रहा था। उसी बात को लेकर रविवार की शाम 6 बजे के आसपास उसके घर पर बने बाउंड्री वाल को पड़ोसी तोड़ने लगे। जिसे मना करने के लिए सीमा गई तो उक्त लोगों ने उसे भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारने पीटने लगे। वही हल्ला गुहार सुनकर आसपास के लोगों के आ जाने से किसी तरह किशोरी की जान बची। पीड़िता ने नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में जब कोतवाल नंदलाल सिंह से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है घायल किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। और जांच करा कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## परियावां मुस्लिम बस्ती की बदसूरत सड़क गड्ढों में तब्दील, ग्रामीणों में पनप रहा आक्रोश

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** एक तरफ प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश की सड़क को गड्डा मुक्त करने के लिए पानी की तरह पैसा बहा रही है तो दूसरी तरफ लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सरकार की सारी मेहनत पर पानी फेर रहे है जिसका ताजा उदाहरण विधान सभा बाबागंज के निर्वाचन क्षेत्र परियावां मुस्लिम बस्ती है जहा की गड्डा युक्त सड़क अपनी बदहाली पर आंसु बहा रहा है।

हल्की सी बारिश होने पर सड़क मे बने गड्डे पर पानी भर जाता है जिस पर नौनिहाल बच्चे व बुजुर्ग लोग गिरकर चोटहिल हो रहे हैं। इतना ही नही सड़क पर बने जान लेवा गड्ढों से गुजर कर छात्र छात्राएं कालेज पढ़ने



परियावां मदरसा के सामने सड़क पर भरा पानी।

जाती है जो बीच रास्ते से स्कूल न जाकर घर वापस चली जाती है जिसका कारण सड़क पर बने गड्डो पर वाहन के गुजरने पर टायर के छीटे पड़ने कपड़े खराब हो जाते हैं। इतना ही सड़क पर भरा पानी से बदबू निकल रही है जो कोई बीमारी को दावत दे सकती है। मजे की बात यह भी है कि जानलेवा सड़क से जनता के चुने जाने वाले प्रतिनिधि भी चार पहिया वाहन से अक्सर गुजरते है जिनकी नजर सड़क पर पड़ती है लेकिन जनता से नजर बचाते हुए गुजर जाते है।

कभी ब्रेक लगाकर हाल चाल या समस्या पूछना मुनासिब नही समझा। सड़क की बदसूरत सड़क जो परियावां लवाना मार्ग से जुड़ी है आज राहगीरों के लिए जानलेवा हो गई है, जिस पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ध्यान नही दे रहे हैं। विभाग के इस मनमानी रवैया के चलते ग्रामवासियो मे आक्रोश दिखाई दे रहा है। ग्रामवासी मोबीन अहमद जनसत्तादल ब्लाक अध्यक्ष कालाकांकर, रसीद अहमद, डा0 फयाजुल हक, मो0 शाहिल, मुनीम अहमद, वसीम अहमद, नसीम अहमद, शफीक अहमद, जाहिद अली, आदि लोगो ने जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव का ध्यान इस ओर आक्रस्ट कराया है।

### आठ के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं मे केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने घर मे घुसकर मारपीट व हत्या के प्रयास को लेकर चार नामजद तथा चार अज्ञात आरोपियो के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। लालगंज के माधव का पुरवा तिलकराम निवासी स्व. मुनेसर सरोज की पत्नी गंगादेई ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती चैबीस जून को सुबह नौ बजे विपक्षियों ने पुरानी रंजिश को लेकर दरवाजे पर हमला बोल दिया।

## जी-20 समिट प्रतियोगिता के अंतर्गत बने विजेता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर के मीरा भवन निवासी आशुतोष मिश्रा ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित जी-20 समिट के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर टॉप थ्री विजेता में अपना नाम दर्ज किया। आशुतोष मिश्रा ने अवध की खूबसूरती को बखूबी अपने वीडियो के माध्यम से दशार्या। परिणाम स्वरूप उनके द्वारा बनाई गईं वीडियो को लखनऊ के जी 20 सम्मिट प्रतियोगिता में शामित किया गया और उन्हें द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। सरकार द्वारा 5000 की धनराशि से उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। बता दें की आशुतोष



आशुतोष मिश्रा।

मिश्रा फिलहाल उत्तर प्रदेश की खूबसूरती व संस्कृति को अपने ब्लॉग और इंस्टाग्राम पेज द्वारा बेहतरीन रूप से प्रदाशित करते हैं। आजकल के कई युवाओं के लिए वे सोशल मीडिया पर प्रेरणा स्रोत भी हैं।

# जन्मे बच्चे का सौदा करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

### 14 मार्च को नाबालिग ने बच्चे को दिया था जन्म

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एक नाबालिग ने 14 मार्च 2023 को विक्रम चैराहे पर स्थित एक प्राइवेट नर्सिंग होम में बच्चे को जन्म दिया। उसके बच्चे के जन्म के बाद उसके परिवार के लोगों ने बच्चे को जहर का इंजेक्शन देकर मार देने की बात उक्त नर्सिंग होम संचालक को कही जिसके बाद उन्होंने बच्चे को न मारने की बात कहकर उस बच्चे को लालन-पालन हेतु खुद ही गोद लेने की बात कही।

बता दें कि नगर कोतवाली क्षेत्र का है जहाँ पर एक नाबालिग के साथ एक युवक ने बालात्कार किया जिसके बाद नाबालिग गर्भवती हो गई। पीड़िता ने बताया कि उसके माता-पिता की मृत्यु बचपन मे ही हो गई थी, बचपन मे ही इसके भाई-बहन सब अनाथ हो गए थे, परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नही थी और सब भुखमरी की कगार पर आ गए थे। पीड़िता ने बताया कि उन लोगो ने मुझको यह बात किसी से न बताने की कहकर बहुत डराया धमकाया जिसके बाद में चुपचाप सबकुछ सहती रही लेकिन कुछ समय बाद पीड़िता को पता चला कि उसका बच्चा जिंदा है, जिसको इन लोगो ने मिलकर किसी और के हाथों बेच दिया है। पीड़िता की बहन को जब पूरे मामले की जानकारी हुई तो पीड़िता ने इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक के पास की जिसके बाद आरोपियों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## लो वोल्टेज की समस्या से नगरवासी परेशान

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर पंचायत के कुछ हिस्से में पिछले 10 दिन से लो बोल्टेज की समस्या बरकरार है। बोल्टेज लो होने और बार-बार फ़्लक्चुएट करने से घरों व्यासायिक प्रतिष्टानों में लगे उपकरण खराब हो रहे हैं नष्ट हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार टाउन के कुछ लाइटों को रायपुर रोड की फिटर से जोड़ा गया है यही कारण सही से बिजली सप्लाई ना आने की वजह से कभी कम कभी ज्यादा आने की वजह से कल बबलू सोनी का स्टेबलाइजर जल गया और घर में आग लगते लगते बची। बबलू ने बताया कि लो बोल्टेज की समस्या को लेकर जब एसडीओ बात की गयी तो उन्होंने कहा आप कम्प्लेन लिखवाइए और कम्प्लेन तभी लिखी जाएगी जब आपका बिल जमा होगा। लो बोल्टेज की समस्या से ज्यादातर लोग परेशान हैं इनमें व्यापारियों की संख्या ज्यादा है। एसडीओ से बात करने के लहजे से व्यापारियों में असंतोष है। व्यापारियों का कहना है की वे समय से बिल जमा करते हैं, लगता है जैसे व्यापारी चोर हैं। इस प्रकरण के बाबत जब से बात करनी चाहा तो उन्होंने फोन नहीं उठाया जेई से बात करने पर उन्होंने ने कहा लो बोल्टेज समस्या है सही अर्थ न मिलने से ऐसी समस्या आ जाती है। अब बरसात हो गयी है तो स्वतः ये समस्या दूर हो जाएगी फिर भी यदि समस्या बनी रहती है दिखवा लिया जायेगा।



उद्योग व्यापार मण्डल की बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष।

## आनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में व्यापारियों का प्रदर्शन आज, उद्योग व्यापार मण्डल ने बनाई रणनीति

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में 27 जून मंगलवार को विशाल विरोध प्रदर्शन के रणनीति हेतु उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी की अध्यक्षता व जिला महामंत्री संजय सोनी के संचालन में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक प्रांतीय सदस्य मनीष कुमार केसरवानी (गुंजन) के प्रतिष्ठान बद्री सर्राफ, चैक, बजाजा रोड पर संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारियों व अन्य सम्मानित व्यवसायियों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग से होने वाले विभिन्न व्यवसायों जैसे कि इलेक्ट्रॉनिक सामानों, मोबाइल, रेडीमेड कपड़े, इलेक्ट्रिकल्स सामानों, क्राकरी सामानों, साड़ी कपड़ा, जूता चप्पल, गल्ला, किराना, कास्मेटिक, दवा, मशीनरी, फर्नीचर, प्लास्टिक आदि के अतिरिक्त लोहा, सभी प्रकार के बर्तन, सरार्फा, बाइक, स्कूटर, मोटर वाहन आदि अन्य सभी प्रकार के व्यवसायियों का व्यवसाय रसातल में जाने की समस्या बताई। जिलाध्यक्ष ने 27 तारीख मंगलवार को पूरे प्रदेश में विशाल व्यापारी प्रदर्शन का आह्वाहन किया। बैठक में सुरेश चंद केसरवानी, पवन अग्रवाल सर्राफ, गोपाल केसरवानी, शकील अख्तर, पवन केसरवानी, दीपक केसरवानी (दीपू), स्वप्नील जयसवाल, जगदीश मौर्या (जंबो), कदीर अहमद, अख्तर राइन, सरदार वसिंदर सिंह, प्रदीप यादव, राधेश्याम केसरवानी, आशुतोष केसरवानी, केसरी लाल मौर्य आदि अन्य पदाधिकारी एवं व्यापारी बंधु मौजूद रहे।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### दहेज लोभियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के सिरियावां कला गांव की ज्ञान मती की शादी तीन वर्ष पूर्व राहुल रैदास पुत्र लवकुश निवासी टिकरी भरवारी थाना कोखराज के साथ हुईं थी शादी के कुछ दिन बाद से ही पति राहुल दहेज में मोटरसाइकिल व सोने की अंगूठी की मांग करने लगा विवाहिता ने कहा कि मेरे माता-पिता बहुत गरीब हैं अब कोई दहेज नहीं दें पाएंगे इतनी सी बात में विवाहिता का पति विवाहिता को घर के अन्दर बंद कर के बेरहमी से मार पीट कर घर से बाहर कर दिया विवाहिता ने आप बीती अपने माता-पिता से बतायी तो मां ने विवाहिता संग चरवा थाना में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है चरवा पुलिस जांच में जुट गई है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 20 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से दो थाना करारी से एक थाना पश्चिम शरीरा से तीन थाना महेवाघाट से एक थाना सराय अकिल से दस थाना चरवा से एक थाना कोखराज से दो कुल 20 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## जीवन को हां और नशे को ना कहें : एसपी

### नशीले पदार्थों के दुरुपयोग व अवैध तस्करी के खिलाफ अन्तराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त पुलिस कार्यालयों पर दिलाई गई शपथ

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** नशीले पदार्थों के दुरुपयोग व अवैध तस्करी के खिलाफ अन्तराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में नियुक्त सभी पुलिस कर्मियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव से स्वयं को व समाज को बचाये जाने हेतु समस्त पुलिसकर्मियों को शपथ दिलायी गयी इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी द्वारा अपने कार्यालय में तथा समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों एवं चौकी प्रभारियों द्वारा थाना चौकियों पर नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों व अपने-अपने थाना चौकी क्षेत्रों में आमजन को भी नशे के खिलाफ जागरूक किया गया तथा शपथ दिलाई गयी। प्रत्येक वर्ष 26 जून को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग व अवैध तस्करी के खिलाफ अन्तराष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है जिससे दुनिया में ज्यादा से ज्यादा लोगों को नशे की लत और उससे होने वाली मौतों से बचाया जा सके नशीले पदार्थों का दुरुपयोग न केवल समाज को खोखला बनाता है, अपितु नशीली दवाओं की तस्करी से अर्जित धन देश की सुरक्षा के खिलाफ प्रयोग में लाया जाता है नशे के विरुद्ध इस युद्ध में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें तथा अपने आस-पास हो रहे नशे के व्यापार की जानकारी सुरक्षा एजेंसियों को दें सभी लोगों के सामूहिक प्रयास से ही नशे की समस्या को जड़ से मिटाया जा सकता है।

### बाहरी गुंडों के साथ दबंगों ने पूरे परिवार के ऊपर किया प्राण घातक हमला

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के रहीमाबाद चौकी अंतर्गत एक गांव में बाहरी गुंडों का सहारा लेकर दबंगों ने पूरे परिवार के ऊपर प्राण घातक हमला कर लहूलुहान कर दिया है। लहूलुहान करने के बाद कहीं भी शिकायत करने पर दबंगों ने पीड़ित परिवार को जान से मरने की धमकी देते हुए फरार हो गए। दबंगों के हमले से गंभीर घायल पीड़ित परिवार लिखित शिकायत लेकर पिपरी थाना गया और मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपरी थाना क्षेत्र के रहीमाबाद चौकी अंतर्गत गौसपुर कटहुला गांव में रास्ते को लेकर सतीश कुमार पुत्र स्व ओम प्रकाश और बिल्लू यादव के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि बिल्लू यादव बाहरी गुंडों को बुलाया और सतीश के घर पर असलहा व धारदार हाथियार से लैश होकर चढ़ गए और गाली - गलौज करने लगे। गाली - गलौज का विरोध सतीश की बहन ने किया तो उसे दबंगों ने पीटना शुरू कर दिया शोर मचाने पर जब घर के अन्य सदस्य बीच - बचाव करने गए तो उनके ऊपर भी दबंगों ने प्राण घातक हमला कर दिया जिसमें सतीश कुमार व उसके परिवार के अन्य सदस्यों को गंभीर चोटें आई है। दबंगों के हमले से गंभीर घायल परिवार पिपरी थाना पहुंचकर लिखित शिकायत देकर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### नेवादा ब्लाक में हुआ नशा मुक्ति पखवाड़ा का आयोजन

**बेनीराम कटरा कौशांबी।** नशा मुक्ति फखवाड़ा के अंतर्गत नेवादा विकासखंड परिसर में नशा मुक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया खंड विकास अधिकारी प्रदीप कुमार मौर्या ने इस मौके पर कहा कि नशा जीवन का नाश करता है इसलिए नशा से दूर रहें कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधान समूह की महिलाएं और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए उन्होंने नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने के लिए लोगों को प्रेरित किया कार्यक्रम में अनिल त्रिपाठी नीरज मिश्रा ग्राम प्रधान ब्लाक के कर्मचारी शकील अहमद राम प्रकाश जयप्रकाश गुड्डू सिंह गणेशी देवी मंजू सिंह अमिता सिंह सतीश कुमार अरुण कुमार रवि प्रकाश यादव सहित तमाम लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।



### सड़क किनारे खड़े व्यक्तियों को अज्ञात वाहन टक्कर मार कर फरार, राहगीरों ने घायलों को कराया अस्पताल में भर्ती

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के भोला चौराहा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रयागराज की ओर से कानपुर की तरफ जा रही बिना नंबर प्लेट का वाहन सड़क किनारे खड़े 2 व्यक्तियों को टक्कर मार कर फरार हो गया। वाहन की जोरदार टक्कर लगते ही दोनों लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जानकारी के मुताबिक श्रवन कुमार उम्र तकरीबन 25 वर्ष पुत्र बल्लूराम निवासी केशव राय पुर थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर एवम उधम सिंह पुत्र गोरेलाल निवासी उपरोक्त सैनी कोतवाली को भोला चौराहे के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े थे इसी बीच प्रयागराज की ओर से कानपुर की तरफ जा रहे हैं बिना नंबर प्लेट के वाहन ने सड़क किनारे खड़े दोनों लोगों को टक्कर मार दिया जिससे सड़क किनारे खड़े दोनों लोग घायल हो गए मौके पर रहे लोगों ने हादसे में घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां गंभीर घायल श्रवन को मौके पर पहुंचे रिश्तेदारों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार चल रहा है वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर सीओ चायल ने दिलाई शपथ



**कौशाम्बी।** अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर चायल क्षेत्राधिकारी योगेंद्र कृष्ण नारायण ने पुलिसकर्मियों को नशा न करने की शपथ दिलाई पुलिसकर्मियों ने स्वयं के साथ समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया क्षेत्राधिकारी ने पुलिसकर्मियों को जीवन को हा और नशा को न का मंत्र दिया इस मौके पर उन्होंने कहा कि नशा से जीवन और परिवार बर्बाद होता है इसलिए नशा मुक्त समाज की स्थापना करना है नशा मुक्त समाज की स्थापना में सभी के सहयोग की जरूरत है।

### रेप आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अझुवा की एक नाबालिग बालिका के साथ रेप के मामले में पुलिस को अभियुक्त की लंबे समय से तलाश थी लेकिन रेप का आरोपी पुलिस को चकमा देकर लंबे समय से फरार चल रहा था सैनी कोतवाली के अथ सराय चौराहे से अझुवा चौकी इंचार्ज ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और न्यायालय में भेज दिया है जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली में दर्ज मु.अ.सं. 114 /23 धारा 363/366 में साक्ष्य संकलन के आधार पर विवेचक चौकी इंचार्ज अझुवा द्वारा धारा 376(3)व3/4 पाक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की वा अभियुक्त लवकुस कुमार पटवा पुत्र गोपाल दास निवासी वार्ड नंबर 9 अझुवा थाना सैनी को चौकी इंचार्ज अझुवा ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### ओवर टेक के चक्कर में ट्रक के पीछे भिड़ा पिकप वाहन,ड्राइवर खलासी घायल



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के ससुर खदेरी नदी पुल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक पिकप वाहन तेज गति से कानपुर की ओर से प्रयागराज जा रहा था,ओवर टेक के चक्कर में आगे जा रहे ट्रक के पीछे से पिकप वाहन भिड़ गया जिससे ड्राइवर दौलत राम और खलासी जयप्रकाश घायल हो गए सूचना पर अझुवा चौकी पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेज दिया है।

### बेरहम पत्नी ने भाई के साथ मिलकर दिव्यांग पति को बंधक बना कर पीटा

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के बबुरा गांव का ज्ञान सिंह पुत्र कल्लू सिंह ने दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि मैंने अपनी पत्नी को डाट दिया था ! इतनी सी बात को लेकर सोमवार को दोपहर में मेरी पत्नी मन्नू देवी फोन कर के अपने भाई गोविंद सिंह पुत्र राम नरेश व गड्डों पुत्र अशोक सिंह निवासी हिछना थाना सराय अकिल को बुला लिया और बेरहम पत्नी ने अपने पति को कमरे में बंद कर के गर्दन में गमछा फंसा कर बंधक बना कर दिव्यांग पति को बुरी तरह से लात ,घूंसा,डण्डा से मारने पीटने लगे! दिव्यांग पति के चिल्लाने पर पड़ोसी लोगों ने पहुंच कर दरवाजा खुला कर उसकी जान बचायी! पीड़ित ने तीन लोगों के विरुद्ध चरवा थाना में लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है! चरवा पुलिस जांच में जुट गयी है!

### हिस्सा मांगने पर बाप बेटे ने मिलकर बेटे को पीटा

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चरवा के अनिल कुमार पुत्र रामू ने दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि मैंने अपने हिस्से का घर मांगा तो मेरे पिता व भाई ने मिलकर मेरा हाथ पैर बांध कर मुझे बुरी तरह से लाठी डंडा से मारे पीटे है जिससे उसे चोटें आई हैं पीड़ित ने चरवा थाना पहुंच कर पिता व भाई के विरुद्ध लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया चरवा पुलिस जांच में जुट गई है!

### चेकिंग के दौरान की कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो-पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 157 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## नशा मुक्त भारत पखवाड़ा मिशन शक्ति के तहत रैली आयोजित कर लोगों को किया जागरुक

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** शासन द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान तथा मिशन शक्ति अभियान फेज-3 के अन्तर्गत 12 जून 2023 से 26 जून 2023 तक चलाये जा रहे 15 दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम के दृष्टिगत आज पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन से ओसा चौराहे तक रैली आयोजित कर लोगों से नशा छोड़ने की अपील की गयी जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को नशे की लत और उससे होने वाली मौतों से बचाया जा सके एसपी द्वारा बताया गया कि नशीले पदार्थों का दुरुपयोग न केवल समाज को खोखला बनाता है अपितु नशीली दवाओं पदार्थों की तस्करी से अर्जित धन देश की सुरक्षा के खिलाफ प्रयोग में लाया जाता है नशीले पदार्थों के सेवन से गृह क्लेश झगड़ा स्वास्थ्य सम्बन्धित बीमारियों आर्थिक हानि चोरी हिंसा अपराध एवं समाजिक कलंक आदि कई दुष्प्रभाव होते हैं साथ ही मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं सहित अन्य लोगों को महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया गया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 112 आपातकालीन पुलिस सेवा 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1098 चाइल्ड लाइन नंबर 1090 वीमेन पावर लाइन 108 102 एंबुलेंस सेवा की जानकारी दी गयी रैली के उपरान्त पुलिस लाइन स्थित मनोरंजन कक्ष में पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत अपराधों से बचाव व सावधानी रखने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी।

## मंदिर न बनने से परेशान बाबा ने 12 वर्ष से ग्रहण नहीं किया अन्न

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** योगी आदित्यनाथ के सरकार में न्याय पाने को एक बाबा दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो रहा हैं बाबा ने मंदिर बनाने को लेकर कुटी में निर्माण कार्य शुरू किया लेकिन गांव के कुछ दबंगों ने मंदिर निर्माण में बाधा डाल दिया बाबा ने कसम खाई है कि जब तक मंदिर नही बनेगी तब तक बाबा अन्न ग्रहण नही करेंगे लगभग 12 वर्ष बीत चुके हैं लेकिन बाबा को न्याय नही मिला जिससे अभी तक बाबा ने अन्न ग्रहण नहीं किया है बल्कि झूठे आरोप में जेल की हवा भी वह खा चुके हैं। जानकारी के मुताबिक गंभीरा नन्द बाबा ने 12 वर्ष की अपनी उम्र से ही बाबा रूप धारण कर लिया है औ? गंभीरानंद बन गए गांव मादूकी कुटी नगर पंचायत चरवा के रहने वाले बाबा ने मंदिर बनवाने की शपथ ली लेकिन मंदिर में ब्यवधान पड़ गया जिस पर बाबा ने अन्न त्याग दिया बाबा ने आज तक जल के अलावा कुछ भी नही खाया पिया है उन्होंने शपथ ली है कि जब तक मंदिर नहीं बन जाएगा तब तक अन्न ग्रहण नहीं किया जाएगा बाबा 2011 से मंदिर का निर्माण कर रहे थे तभी गांव के कुछ दबंग लोगो ने मंदिर निर्माण में व्यवधान डाल कर साजिश रच कर बाबा को जेल भी भेजवा दिया हैं प्रशासन से मिलकर बाबा की मंदिर की कुटी में बनी हुई मंदिर गिरा कर ध्वस्त कर दिया है योगी सरकार से बाबा पूछ रहे हैं कि अगर सरकारी जमीन में घर बन सकता है तो सरकारी जमीन में क्या एक मंदिर नहीं बन सकती है मंदिर को लेकर बाबा ने तहसील से लेकर जिले तक जिले से लेकर राज्य मुख्यालय तक एप्लीकेशन देकर न्याय की गुहार लगाई लेकिन बाबा को निराशा ही हाथ लगी और अभी तक ना तो मंदिर ध्वस्त करने वालों की गिरफ्तारी हुई और ना ही मंदिर निर्माण शुरू हो सका है जिस पर बाबा ने प्रण किया कि चाहे उनके प्राण चले जाएंगे लेकिन बिना मंदिर निर्माण के वह अन्न नही ग्रहण करेंगे।

बाबा ने प्रण किया कि चाहे उनके प्राण चले जाएंगे लेकिन बिना मंदिर निर्माण के वह अन्न नही ग्रहण करेंगे, बाबा योगी की



सरकार में न्याय को भटक रहा बाबा

## कार दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद संवेदनहीन पुलिस दुर्घटना स्थल पर नहीं पहुंची

अखंड भारत संदेश

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज चौकी अंतर्गत इमामगंज चौराहे के पास तेज गति एक कार का अचानक टायर फट जाने से कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई जिससे कार में सवार लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई चीख-पुकार सुनकर और हादसा देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भेजा सूचना देने के बाद भी मौके पर स्थानीय पुलिस नहीं पहुंची है जानकारी के मुताबिक कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रही एक कार में पांच लोग सवार थे संदीपन घाट थाना क्षेत्र के इमाम चौराहे के पास कार का टायर फटने से कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे गड्ढे में चली गई जिससे कार में चीख-पुकार मच गई और बचाव के लिए लोगों ने हल्ला मचाया सड़क के नीचे गड्ढे में कार चले जाने की जानकारी मिलते और चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग बचाव एवं राहत कार्य के लिए मौके पर पहुंचे और कड़ी मेहनत के बाद कार में बैठे लोगों को बाहर निकाला हादसे में लोगों को चोट आई है स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया है लेकिन घायलों को राहत देने के लिए स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची है पुलिस के पास घायलों का कोई लेखा-जोखा नहीं है जिससे पुलिस की संवेदनहीनता का अंदाजा लगाया जा सकता है।



इमामगंज चौराहे के पास कानपुर से प्रयागराज जा रही कार का टायर फटने से गड्ढे में चली गई कार, कार में मची चीखपुकार आसपास के लोगों ने घायलों को निकाला बाहर

## थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें सुनिश्चित : एसपी

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय में जनतादर्शन में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गई इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से इतनी दूर पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो, साथ ही सभी प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

## गैगेस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर गैगेस्टर एक्ट थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से सम्बन्धित अभियुक्त अच्छे अली उर्फ मो० सोरेब पुत्र जब्बार अली निवासी पुरानी बाजार वार्ड नं0 23 भरवारी थाना कोखराज को छगलिया चौराहा वहद ग्राम कयुवा से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त लवकुश कुमार पटवा पुत्र गोपाल दास निवासी वार्ड न0 9 अझुवा थाना सैनी को अटसराय चौराहा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पक्षात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पिपरी पुलिस बल वारंटी अभियुक्त राज बहादुर पुत्र शिवदानी निवासी मुरादपुर थाना पिपरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त विरेन्द्र कुमार पुत्र शिव भजन निवासी भैरवपुर थाना सैनी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा तीन अभियुक्तों केशचन्द्र पुत्र नग्गीलाल आनन्द पुत्र राम सेवक व गोदानी पुत्र साधू निवासीगण गढवा थाना कौशाम्बी को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 350 रुपए बरामद होने पर अभियुक्तों पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

## रोक के बावजूद शत्रु संपत्तियों पर खड़े हो रहे हैं बहुमंजिला भवन!

### बार-बार शिकायत के बाद भी शत्रु संपत्तियों को सुरक्षित करने में तहसील के अधिकारी बने हैं लापरवाह

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** आजादी के बाद पाकिस्तान चले जाने वाले लोगों की संपत्तियों को भारत सरकार ने शत्रु संपत्ति घोषित कर दी जिस पर भारत सरकार ने सरकारी कब्जे की घोषणा की लेकिन उसके बाद भी शत्रु संपत्तियों को सुरक्षित करने में तहसील के अधिकारी अपने को असहज महसूस कर रहे हैं जिले के तीनो तहसील के दर्जनों ग्राम पंचायतों में सरकारी शत्रु संपत्ति अभिलेखों में मौजूद है लेकिन मौके पर शत्रु संपत्तियों में लोगों ने कब्जे कर लिए हैं देखते देखते शत्रु संपत्तियों में बहुमंजिला भवन बन गए हैं।

बार-बार ग्रामीणों द्वारा शत्रु संपत्ति में कब्जे की शिकायत अधिकारियों से की जा रही है लेकिन उसके बाद शत्रु संपत्ति के कब्जे खाली नहीं हो रहे हैं। ताजा मामला मंझनपुर तहसील क्षेत्र के नगर पालिका परिषद मंझनपुर के भेलखा ग्राम के अहिरन के पुरवा का है जहां शत्रु संपत्ति आराजी संख्या 939 और 947 सहित विभिन्न शत्रु संपत्तियों में लोगों ने कब्जा कर लिया है आलीशान भवन बन गए हैं कुछ लोगों ने शत्रु संपत्ति को बेच कर धन भी अर्जित कर लिया है विक्रय पत्र के माध्यम से शत्रु संपत्ति को दूसरे के नाम अभिलेखों में दर्ज करा दिया गया है हेरा फेरी कर शत्रु संपत्ति में कब्जा किए जाने के मामले में तहसील प्रशासन की भूमिका सवालों के घेरे में है मंझनपुर तहसील के भेलखा ग्राम पंचायत सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में शत्रु संपत्ति में अवैध कब्जे के मामले की कई बार तहसील से लेकर जिले तक ग्रामीणों ने शिकायत की लेकिन उसके बाद शत्रु संपत्ति पर अवैध तरीके से कब्जा किए जाने के मामले पर कब्जा धारकों पर वर्षो बाद भी कार्यवाही नहीं हो सकी है बताया जाता है कि पूर्व लेखपाल भेलखा ने शत्रु संपत्ति में कब्जे की रिपोर्ट भी उप जिलाधिकारी को दी थी लेकिन उसके बाद भी उप जिला अधिकारी द्वारा शत्रु संपत्ति के कब्जा धारकों पर कार्यवाही नहीं की गई है इलाके के लोगों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शत्रु संपत्ति में कब्जे के मामले पर कब्जा धारकों पर कार्यवाही कर शत्रु संपत्ति खाली कराए जाने की मांग की है बताया जाता है कि मंझनपुर मुख्यालय में भी कई शत्रु संपत्तियों में अवैध तरीके से तहसील प्रशासन की लापरवाही और अधीनस्थों की संलिप्तता से कब्जे हो चुके हैं पूरे जिले के शत्रु संपत्तियों पर अवैध कब्जे के मामले की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की जरूरत है लेकिन क्या योगी सरकार में शत्रु संपत्तियों पर अवैध तरीके से अवैध कब्जे के मामले में निष्पक्षता पूर्ण कार्यवाही हो पाएगी बार-बार शिकायत होने के बाद भी शत्रु संपत्ति खाली नहीं हो रही है जिससे तहसील प्रशासन की निष्पक्ष कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

संपादकीय

# प्रगाढ़ होते भारत-अमेरिका के संबंध!

**सुनील कुमार महला**

**हाल** ही में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा की है। यह यात्रा दशार्ती है कि अमेरिका और भारत के रिश्ते लगातार मजबूत व अत्यंत सुदृढ़ होते चले जा रहे हैं और यह विश्व के लिए संकेत है कि आज भारत एक अत्यंत शक्तिशाली, मजबूत और अत्यंत सुदृढ़ विकासशील से विकसित राष्ट्र के रूप में लगातार उभर रहा हैऔर न केवल अमेरिका बल्कि चीन जैसा बड़ा व शक्तिशाली राष्ट्र भी भारत की क्षमताओं को लगातार पहचान रहा है। आज दुनिया भारत और अमेरिका जैसे दो महान लोकतंत्रों के बीच द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत होता देख रही है।जानकारी देना चाहूंगा कि व्हाइट हाउस के ओवल कार्यालय में हाल ही में हुई पीएम मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच बैठक में एक के बाद एक कई समझौतों पर मुहर लगाई गई, जिनमें भारत में सेमीकंडक्टर प्लांट, रेलवे, तकनीक, ड्रोन, जेट इंजन और स्पेस सेक्टर में करार किए गए हैं। बहुत अच्छी बात है कि आज भारत और अमेरिका एक साथ मिलकर न सिर्फ नीतियां और समझौते तैयार कर रहे हैं, बल्कि जीवन, सपनों और नियति को आकार भी दे रहे हैं। आज अमेरिका और भारत वाणिज्यिक और व्यापारिक समझौतों में लगातार आगे बढ़ रहे हैं, यह दोनों ही देशों के साथ संपूर्ण विश्व के लिए भी एक अच्छा संकेत है। हाल ही में अमेरिका यात्रा के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की है कि अब भारतीय मूल के लोगों को एच-1बी वीजा के नवीनीकरण के लिए अमेरिका नहीं छोड़ना पड़ेगा। हाल की यात्रा के दौरान मोदी ने यह बात कही है कि प्रवासी भारतीयों के लिए सेवाओं को सुगम बनाना भारत की प्राथमिकता है और अब देश सिएटल में एक तथा दो अन्य अमेरिकी शहरों में दो नये वाणिज्य दूतावास खोलेगा। उन्होंने बताया कि अमेरिका भी अहमदाबाद और बेंगलुरु में नये वाणिज्य दूतावास खोल रहा है। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने हाल ही में यह बात कही है कि भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक संबंध तेजी से बढ़ रहे हैं और पिछले एक दशक में ही दोनों देशों के बीच व्यापार दोगुना होकर 191 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। वास्तव में, भारत और अमेरिका के बीच व्यापार और निवेश साझेदारी न केवल दोनों देशों के लिए, बल्कि संपूर्ण वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। जानकारी देना चाहूंगा कि हाल ही में यात्रा के दौरान ही जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने भारत में एफ 414 जेट इंजन(जिसका इस्तेमाल लड़ाकू विमानों में किया जाता है) का निर्माण मिलकर करने के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जानकारी मिलती है कि भारत ने एमक्यू-9 बी प्रिडेटर ड्रोन हासिल करने के लिए भी जनरल एटॉमिक्स के साथ एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि इसकी तैनाती हिंद महासागर, चीनी सीमा के साथ अन्य अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर किया जा सकेगा और निश्चित ही इससे भारत की चीन से लगने वाली सीमाओं व अन्य सीमाओं पर निगरानी क्षमताओं को मजबूत किया जा सकेगा क्यों कि ये ड्रोन मिसाइल तक ले जाने में सक्षम हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि करीब 29 हजार करोड़ रुपये के इस सौदे से भारत को 30 लड़ाकू ड्रोन मिल सकेंगे। इतना ही नहीं भारत में अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्च सेंटर के माध्यम से, गूगल 100 से अधिक भारतीय भाषाओं का समर्थन करने के लिए मॉडल बना रहा है। इतना ही नहीं भारत में एक नई सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण सुविधा बनाने के लिए 825 मिलियन डॉलर तक निवेश करने की माइक्रॉन टेक्नोलॉजी की घोषणा का भी एक संयुक्त बयान जारी कर स्वागत किया गया है। बताता चलूं कि अमेरिकी सेमीकंडक्टर कंपनी माइक्रॉन गुजरात में अपना प्लांट लगाएगी। भारतीय रेलवे ने यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट/इंडिया (यूएसएआईडी/इंडिया) के साथ एम ओ यू पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों देशों के बीच अर्टेमिस एकॉर्ड्स समझौता बहुत ही महत्वपूर्ण है। जानकारी देना चाहूंगा कि नासा और इसरो 2024 में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक संयुक्त मिशन पर सहमत हुए हैं। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष सहयोग को बढ़ावा देना होगा। इससे भारत उन देशों में शामिल हो जाएगा जो अंतरिक्ष के क्षेत्र में अमेरिका के सहयोगी हैं। इतना ही नहीं दोनों देशों के बीच इंडस-एक्स की शुरूआत भी हुई है। इस समझौते के जरिए संयुक्त रूप से रक्षा टेक्नोलॉजी संबंधी इनोवेशन देखने को मिलेंगे। भारत और अमेरिका दोनों के बीच जटिल तकनीकों को सुरक्षित रखने और आपस में बांटने का समझौता (इनिशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी) (आईसैट) की शुरूआत भी हुई है। बहरहाल, इसमें कोई संदेह या दोराय नहीं है कि मोदी जी की अमेरिका यात्रा से दोनों मुल्कों के रक्षा और तकनीक संबंध गहरे हुए हैं, इससे देश को रक्षा और तकनीक के क्षेत्र में नवीन ऊंचाईयां मिल सकेंगी। जानकारी देना चाहूंगा कि पिछले कुछ समय पहले ही अमेरिका के व्हाइट हाउस की ओर से यह टिप्पणी आई थी कि भारत का लोकतंत्र जीवंत है और यदि आपको कोई संदेह है तो आप स्वयं जाकर देख लीजिए। व्हाइट हाउस की यह टिप्पणी बहुत महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि अमेरिका की तरफ से यह भारत को एक बड़ा समर्थन और स्वीकृति है। बहरहाल, जानकारी देना चाहूंगा कि भारत के लिए अमेरिका बड़ा व्यापारिक सहयोगी रहा है , दोनों देशों की निवेश में साझेदारी है और तकनीक के क्षेत्र में अमेरिका भारत के लिए एक बड़ा सहयोगी साबित हो रहा है। आज दोनों ही देश दुनिया के महान लोकतंत्र हैं और दो बड़े लोकतांत्रिक देशों का एक साथ आना विशेषकर चीन के लिए एक संकेत भी है।

# हिन्द महासागर से चला मॉनसून चढ़ा हिमालय पर

**जय सिंह रावत**

**हिन्द** महासागर से चला मानसून हिमालय तक पहुँच गया है। भारत में मानसून का मौसम आमतौर पर जून से सितंबर तक होता है। इसे आमतौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून मौसम के रूप में जाना जाता है। इस अवधि के दौरान, भारत में हिंद महासागर से नमी भरी हवाओं का एक महत्वपूर्ण प्रवाह छाया रहेगा। सुखी धरती की प्यास बुझेगी फसलें लहलहायेंगी और चरों ओर हरियाली रहेगी। लेकिन अगर कुदरत रूठेगी तो हमें केदारनाथ जैसी त्रासदी और कोशी की जैसी विनाशकारी बाढ़ के लिए भी तैयार होगा। अरबी शब्द मौसिम से मानसून निकला जिसका अर्थ है हवाओं का मिजाज। 16वीं सदी में मानसून शब्द का सबसे पहले प्रयोग समुद्र मार्ग से होने वाले व्यापार के संदर्भ में हुआ। उस दौरान भारतीय व्यापारी शीत ऋतु में इन हवाओं के सहारे व्यापार के लिए अरब व अफ्रीकी देश जाते थे और ग्रीष्म ऋतु में अपने देश वापस लौटते थे। शीत ऋतु में हवाएं उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम दिशा में बहती हैं जिसे शीत ऋतु का मानसून कहा जाता है। उधर, ग्रीष्म ऋतु में हवाए इसकेविपरीत बहती हैं, जिसे दक्षिण पश्चिम मानसून या गर्मी का मानसून कहा जाता है। इन हवाओं से व्यापारियों को नौकायन में सहायता मिलती थी। इसलिए इन्हें व्यापारिक हवाएं या ट्रेड विंड भी कहा जाता है।




**मानसून का सफर, समुद्र से हिमालय तक**

ग्रीष्म ऋतु में जब हिन्द महासागर में सूर्य विषुवत रेखा के ठीक ऊपर होता है तो मानसून बनता है। इस प्रक्रिया में समुद्र गरमाने लगता है और उसका तापमान 30 डिग्री तक पहुंच जाता है। वहीं उस दौरान धरती का तापमान 45-46 डिग्री तक पहुंच चुका होता है। ऐसी स्थिति में हिन्द महासागर के दक्षिणी हिस्से में मानसूनी हवाएं सक्रिय होती हैं। ये हवाएं आपस में क्रॉस करते हुए विषुवत रेखा पार कर एशिया की तरफ बढ़ने लगती हैं। इसी दौरान समुद्र के ऊपर बादलों के बनने की प्रक्रिया शुरू होती है। विषुवत रेखा पार करके हवाएं और बादल बारिश करते हुए बंगाल की खाड़ी और अरब सागर का रुख करते हैं। इस दौरान देश के विभिन्न हिस्सों का तापमान समुद्र तल के तापमान से अधिक हो जाता है। ऐसी स्थिति में हवाएं समुद्र से जमीन की ओर बहनी शुरू हो जाती हैं। ये हवाएं समुद्र के जल के वाष्पन से उत्पन्न जल वाष्प को सोख लेती हैं और पृथ्वी पर आते ही ऊपर उठती हैं और वर्षा देती हैं। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में पहुंचने के बाद मानसूनी हवाएं दो शाखाओं में विभाजित हो जाती हैं। एक शाखा अरब सागर की तरफ से मुंबई, गुजरात राजस्थान होते हुए आगे बढ़ती है तो दूसरी शाखा बंगाल की खाड़ी से पश्चिम बंगाल, बिहार, पूर्वोत्तर होते हुए हिमालय से टकराकर गंगीय क्षेत्रों की ओर मुड़ जाती हैं और इस प्रकार जुलाई के पहले सप्ताह तक पूरे देश में मानसून छा जाता है।

भारत में सबसे विनाशकारी मानसून

पिछले 100 वर्षों के दौरान भारत में अनुभव किए गए सबसे खराब मानसूनों में से एक 1943 का मानसून था. कारण बंगाल क्षेत्र में व्यापक सूखा और फसल बर्बाद हो गई, जिससे अकाल पड़ गया। जिससे भुखमरीऔर संबंधित बीमारियों के कारण अनुमानित 2 से 3 मिलियन लोगों की मृत्यु हो गई।

पिछले 100 वर्षों के दौरान भारत में सबसे विनाशकारी मानसून मौसम 1974 का मानसून माना जाता है। इसने देश के कई हिस्सों, विशेषकर बिहार राज्य में बड़े पैमाने पर बाढ़ और तबाही ला दी। 1974 के मानसून के मौसम के दौरान कोसी नदी ने अपने तटबंधों को तोड़ दिया, जिससे घरों, बुनियादी ढांचे और कृषि क्षेत्रों को व्यापक नुकसान हुआ। बाढ़ के पानी ने लाखों लोगों को प्रभावित किया और जान-माल का काफी नुकसान हुआ। उत्तराखंड में सबसे विनाशकारी मानसून वर्ष 2013 का था। जिसके कारण टोंस से लेकर काली/ शारदा तक जल प्रलय की जैसी स्थिति बन गयी थी। उसी मानसून का दुष्परिणाम केदारनाथ की अकल्पनीय आपदा थी। उस त्रासदी में 4 हजार से अधिक लोग मारे गए, कई घायल हुए, कई यात्रियों के मानसिक संतुलन बिगड़े और हजारों लोग बेघरबार हो गए। जून की 16 रारीख को आ धमका यह मानसून अप्रत्याशित था, क्योंकि उत्तराखंड में मानसून सामान्यतः 20 जून के बाद ही पहुँचता है और उससे पहले प्री मानसून बारिश शुरू हो जाती है। हिमालय पर स्नो लाइन ग्रीष्म ऋतु की गर्मी बढ़ने से साथ पीछे खिसकती है। लेकिन उस समय से मानसून के समय समय से पहले आने से वह बर्फ में ही बरस गया। जिस कारण ज्यादा बर्फ पिघलने से हिमानियों पर आधारित नदियां उफन गयीं। केदारनाथ में बादल चोराबाड़ी ग्लेशियर में जा कर फट गया। जिसका नतीजा केदारनाथ में विनाशकारी बाढ़ के रूप में सामने आया।

**मानसून का मिजाज भांपना अभी भी मुश्किल**

मानसून के पूवार्नुमान उन देशों और क्षेत्रों के लिए आवश्यक हैं जो कृषि, जल संसाधनों और समग्र आर्थिक योजना केलिए मानसूनी वर्षा पर बहुत अधिक निर्भर हैं। मानसून की भविष्यवाणी करना इसके निर्माण और परिवर्तनशीलता मेंशामिल कई कारकों के कारण एक जटिल कार्य है। हालाँकि मानसून पूवार्नुमान में काफी प्रगति हुई है, लेकिन कुछअंतर्निहित चुनौतियाँ हैं जो इन पूवार्नुमानों की सटीकता को प्रभावित करती हैं। देश में गर्मी की शुरूआत होते हीकिसान मानसून पर टकटकी लगाकर बैठ जाते हैं। हमारे देश में 127 कृषि जलवायु उप संभाग हैं और 36संभाग हैं। हमारा देश विविध जलवायु वाला है। समुद्र, हिमालय और रेगिस्तान मानसून को प्रभावित करतेहैं। इसलिए मौसम विभाग के तमाम प्रयासों के बावजूद मौसम के मिजाज को सौ फीसदी भांपना अभी भीमुश्किल है। मानसून बड़े पैमाने पर जलवायु पैटर्न से प्रभावित होता है, जैसे अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ईएनएसओ),हिंद महासागर डिपोल (आईओडी), और अन्य वायुमंडलीय और समुद्री घटनाएं। ये कारक परिवर्तनशीलता लाते हैं,जिससे मानसून की तीव्रता, शुरूआत और अवधि की सटीक भविष्यवाणी करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।सटीकपूवार्नुमान वायुमंडलीय और समुद्री माप सहित उच्च गुणवत्ता वाले अवलोकन संबंधी डेटा पर निर्भर करता है। कुछ क्षेत्रों में, इन अवलोकनों की उपलब्धता और कवरेज सीमित हो सकती है, जिससे पूवार्नुमान प्रक्रिया में अनिश्चितताएं पैदा हो सकती हैं। इन चुनौतियों के बावजूद, मॉडलिंग तकनीकों, डेटा संकलन और मानसून की गतिशीलता की समझ में प्रगति ने हाल के वर्षों में मानसून पूवार्नुमानों की सटीकता में सुधार किया है। पूवार्नुमान एजेंसियां और मौसम विभाग पूवार्नुमान क्षमताओं को बढ़ाने के लिए नए अवलोकनों और वैज्ञानिक ज्ञान को शामिल करते हुए अपने मॉडलों औरतकनीकों को परिष्कृत करना जारी रखते हैं।

**मानसून के लाभ**

मानसून कृषि के लिए आवश्यक जल संसाधन प्रदान करता है, जलाशयों, नदियों और भूजल भंडार को फिर से भरता है।मानसून के दौरान पर्याप्त वर्षा फसलों के विकास को जीवन देती है, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करती है और कृषि आजीविका को सुनिश्चित करती है। मानसूनी बारिश झीलों, नदियों और भूमिगत जलभृतों जैसे जल निकायों कोरिचार्ज करने में मदद करती है। वे जलाशयों और बांधों को भरने में भी योगदान देते हैं, जिससे शुष्क मौसम के दौरान पीने, सिंचाई और जल विद्युत उत्पादन के लिए पानी की निरंतर आपूर्ति होती है।

# विपक्ष के लिए दिल्ली दूर है

**अशोक**

**भाजपा** को केंद्र की सत्ता से हटाने का दम भर रहे विपक्षी दलों की पटना में जो बैठक हुई, वह किसी ठोस नतीजे पर पहुंचती नहीं दिखी। इस बैठक में इतना ही तय हुआ कि सभी दल मिलकर आम चुनाव लड़ेंगे लेकिन आम आदमी पार्टी जिस तरह साझा प्रेस कांफ्रेंस से दूर रही, उससे यदि कुछ स्पष्ट हुआ तो यही कि विपक्षी एकता की राह आसान नहीं। दरअसल कर्नाटक के नतीजों ने विपक्ष को नई ऊर्जा दी है, खासतौर से कांग्रेस को लेकिन इन नतीजों में 2024 की झलक देखने की कोशिश विपक्ष की एक बड़ी भूल होगी। दरअसल, इस सचाई से मुंह नहीं मोड़ा जाना चाहिए कि हर चुनाव के अपने मुद्दे होते हैं। निकाय चुनाव, विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में दिखा वोटिंग पैटर्न देश का मूड नहीं कहा जा सकता। भारतीय मतदाता इतना जागरूक हो चुका है कि मतदान के समय उसे खयाल रहता है कि वह किसके लिए वोट कर रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले तीन राज्यों- राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव के नतीजे भाजपा के खिलाफ गए थे लेकिन लोकसभा चुनाव में इन सभी राज्यों में भाजपा को बढ़त मिली। जिन राज्यों में भाजपा के खिलाफ सशक्त विपक्ष मौजूद है, वह स्थानीय चेहरों की वजह से है। कर्नाटक में भी कांग्रेस की जीत की बड़ी वजह यह है कि वहां उसका स्थानीय नेतृत्व मजबूत है। राष्ट्रीय स्तर पर इसी का संकट दिखता है। अब जो अधिकांश विश्लेषण विपक्षी दलों की इस कसरत से बताने लगे हैं कि केंद्र में सरकार संकट में है और 2024 के आम चुनाव में हार की ओर बढ़ रही है जोकि बिल्कुल भी कोई विश्लेषण नहीं है। यह केवल एक दिवा स्वप्न वाली सोच है।तर्क आमतौर पर इस प्रकार दिया जाता हैः भाजपा भारत के अधिकांश राज्यों में सत्ता में नहीं है, इसलिए अगर उन राज्यों को चलाने वाली पार्टियां एक साथ आती हैं तो भाजपा को विधानसभा चुनावों की तरह ही आम चुनाव में भी हराया जा सकता है।

यह तर्क आम तौर पर एक जरूरी निष्कर्ष की ओर ले जाता है कि इसका जवाब विपक्षी एकता ही है। विपक्ष को बस एक साथ आना होगा और बीजेपी जो भारत के केवल एक हिस्से में लोकप्रिय है, हार जाएगी। यह काफी प्रशंसनीय लगता है। जब तक आप इसके बारे में नहीं सोचते। सबसे पहले, जैसा कि अरुण जेटली कहा करते थे, आम चुनाव अंकगणित के आधार पर नहीं जीते जाते, वे केमिस्ट्री के आधार पर जीते जाते हैं। साधारण वोट गणना से कहीं अधिक महत्वपूर्ण चुनाव से पहले के महीनों में मतदाताओं का मूड है। यदि वह मूड भाजपा समर्थक है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराना मुश्किल काम है लेकिन अंकगणित में भी कई दोष हैं। विपक्षी एकता का पूरा तर्क जिन गणनाओं पर आधारित है, वे वास्तव में तब बिखर जाती है जब आप संख्याओं को करीब से देखते हैं। हां, भाजपा कोई अभी दक्षिण में नहीं है लेकिन यह कई राज्यों में सबसे लोकप्रिय पार्टी है जो सबसे अधिक लोकसभा सीटों का योगदान देती है और यह बाकी के राज्यों को नीचे कर देती है। हमें अक्सर बताया जाता है कि भाजपा का राष्ट्रीय वोट शेयर 50 प्रतिशत से बहुत कम है और वह केवल इसलिए चुनाव जीतती है क्योंकि विपक्ष बिखरा हुआ है। आखिरकार, हमें बताया गया है, हमारी जैसी फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट प्रणाली में एक पार्टी 30 प्रतिशत वोट के साथ भी एक सीट जीत सकती है, यदि 70 प्रतिशत वोट कई अन्य उम्मीदवारों के बीच विभाजित हो जाए। इसलिए, यदि अन्य 70 प्रतिशत वोट पाने वाली पार्टियां एक ही उम्मीदवार को आगे बढ़ाती हैं, तो उनका जीतना निश्चित है।यह तर्क पिछले चुनावों के अनुभव पर आधारित है जहां सरकारें बनाने वाली पार्टियों को अपनी जीती हुई सीटों पर शायद ही बहुमत वोट मिले हों। 1998 में जब पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने सत्ता संभाली तो भाजपा ने केवल 56 सीटों पर आधे से अधिक वोट हासिल किए। 1999 में जब उन्होंने दोबारा चुनाव जीता तो यह बढ़कर 83 सीटें हो गईं। और हां, जिन दो चुनावों में कांग्रेस सत्ता में आई, उनमें विपक्षी एकता ने भूमिका निभाई। 2004 में कांग्रेस ने 50 प्रतिशत से अधिक वोट के साथ केवल 64 सीटें जीतीं। जब 2009 में जब कांग्रेस दोबारा सत्ता में आई तो तो यह संख्या वास्तव में घटकर 43 रह गईं। उन सभी चुनावों को देखते हुए आप यह बात समझ रख सकते थे कि सत्ता में रहने वाली पार्टी शायद ही कभी अधिकांश वोटों के साथ कई सीटें जीतती हो। लेकिन जब कोई लहर चलती या बड़ी जीत होती है तो यह तर्क कमजोर पर जाता है। 1971 में, इंदिरा गांधी ने प्रत्येक सीट पर 50 प्रतिशत से अधिक वोटों के साथ 262 सीटें जीतीं। 1977 में जब वह हार गईं, तो जनता पार्टी ने उन सीटों पर पड़े अधिकांश वोटों के साथ 266 सीटें जीतीं। 1984 में, राजीव गांधी ने 50 प्रतिशत से अधिक वोट के साथ 293 सीटें जीतीं।जब हम मोदी की चुनावी जीत के बारे में बात करते हैं, तो हम वाजपेयी-आडवाणी युग के मामूली जनादेश के बारे में बात नहीं कर रहे हैं। 2014 में, मोदी की भाजपा ने 50 प्रतिशत से अधिक वोटों के साथ 136 सीटें जीतीं। और 2019 में यह आंकड़ा बढ़कर 224 सीटों तक पहुंच गया। तो हां, भाजपा को कभी भी इंदिरा-राजीव जैसी तुफानी जीत नहीं मिली है। फिर भी, इसने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया हैः 1984 के बाद से, किसी भी पार्टी ने 224 सीटें नहीं जीती हैं, जिनमें से प्रत्येक सीट पर 50 प्रतिशत से अधिक वोट पड़े हैं।इसका मतलब यह है कि अगर विपक्ष 2019 में एकजुट हो भी होता, तो भी भाजपा जीत जाती। क्योकि 50 प्रतिशत के साथ 224 सीटें उनके खाते में जा चुकी थी।इसलिए अंकगणितीय को ध्यान में रखने के बाद भी विपक्षी एकता भाजपा की हार की गारंटी नहीं देती है, जो हमें बताया जाता है यह उसके ठीक विपरीत है। और फिर यदि केमिस्ट्री पर बात करते हैं। इस बात पर विवाद करना कठिन है कि मोदी भारत में सबसे लोकप्रिय नेता हैं। आप यह भी कह सकते हैं कि वह भाजपा से भी कहीं अधिक लोकप्रिय हैं।2019 के आम चुनावों में, भाजपा ने उन राज्यों में भी जीत हासिल की, जहां वह पहले विधानसभा चुनाव हार गई थी, जैसे उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश और राजस्थान। जब प्रधान मंत्री चुनने की बात आती है (1977 को छोड़कर) तो मतदाता एक राष्ट्रीय नेता पर अपना विश्वास जताना चाहते हैं जो भारत को चलाने के लिए तैयार है। यहीं पर भाजपा को फायदा मिलता है। उदाहरण के लिए, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में जितनी लोकप्रिय हैं, शेष भारत उन्हें प्रधानमंत्री पद के योग्य नहीं मानता है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और अन्य मजबूत क्षेत्रीय नेताओं के साथ भी ऐसा ही है।तो फिर भाजपा को कैसे हराया जा सकता है? अगर मोदी अगला चुनाव हारते हैं (जो फिलहाल संभव नहीं लगता) तो यह केवल विपक्षी एकता के अंकगणित के कारण नहीं होगा। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि मतदाताओं का उनसे प्रेम खत्म हो जाएगा। या फिर इसलिए कि मतदाताओं को विपक्ष एक आकर्षक विकल्प के रूप में दिख रहा है। या फिर दोनों हो सकता है। और सच्चाई क्या है? हालांकि, क्षेत्रीय नेता इसे स्वीकार करना पसंद नहीं करते हैं। यह ये है कि भाजपा का एकमात्र वास्तविक विकल्प कांग्रेस है, लेकिन शायद क्षेत्रीय नेताओं के समर्थन के साथ।

जहां विपक्षी नेता कांग्रेस को भविष्यहीन पार्टी बताने में काफी समय बिताते हैं, वहीं भाजपा अधिक दूरदर्शी है। भाजपा मानती है कि कांग्रेस ही एकमात्र वास्तविक खतरा है। यदि वह एकजुट होकर काम करती है, तो उसे एक बार फिर ऐसी पार्टी के रूप में देखा जाएगा जो एक स्थिर शासन प्रदान कर सकती है और भाजपा की जगह ले सकती है।यही कारण है कि, जब कांग्रेस अपने सबसे निचले स्तर पर थी, तब भी भाजपा ने उस पर हमला करना बंद नहीं किया। राहुल गांधी पर हमले और उन्हें मौज-मस्ती का पात्र बनाने की कोशिशें लगातार जारी रहीं। इसलिए अमेठी में गांधी को हराना काफी नहीं है। भाजपा के लिए महत्वपूर्ण बात यह है कि गांधी को संसद से अयोग्य ठहराया गया है। अगर वह सांसद नहीं हो सकते तो फिर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार कैसे हो सकते हैं?ईमानदारी से कहें तो भाजपा को कांग्रेस को डाउन करने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी है। पार्टी अपनी ही सबसे बड़ी दुश्मन हो सकती है। 2014 में, भ्रष्टाचार के आरोपों से निपटने में वढअ-क्क का निराशाजनक रिकॉर्ड और एक दूरदर्शी नेतृत्व की विफलता के कारण इसकी हार हुई और 2019 में, राहुल गांधी ने गलत मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया और एक गलत निर्णय वाला अभियान शुरू किया जो उनकी अपनी पार्टी के नेताओं को भी उत्साहित करने में विफल रहा। एक बार जब यह कहा जाय कि अंकगणित ही सब कुछ है, के तर्क को समझ लिया तो विपक्ष के लिए केवल एक ही संभावित रास्ता खुला है यदि वह भाजपा को हराना चाहते हैं। उसे राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी चुनावी लड़ाई में एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में कांग्रेस की प्रमुख भूमिका को स्वीकार करना होगा अन्यथा कोई भी इस बात पर विश्वास नहीं करेगा कि मोदी के नेतृत्व के बिना भारत में स्थिर और सक्षम शासन हो सकता है। निश्चित रूप से, मतदाताओं के लिए यह विश्वास करना असंभव होगा कि कोई भी तीसरा मोर्चा सरकार टिक सकती है। चरण सिंह, वीपी सिंह, चन्द्रशेखर, एचडी देवेगौड़ा और इंद्र कुमार गुजराल के उदाहरण लोगों के पास हैं।

# पुतिन को कमजोर दिखाने की कोशिश

**शनिवार** को रूस में तख्तापलट की आशंकाएं तेज हो गई थीं, जब खबर आई कि वैगनर समूह के सैनिकों ने रूस के खिलाफ विद्रोह कर दिया है और सेना मास्को की ओर बढ़ रही है। वैगनर भाड़े के लड़ाकों की निजी सेना है, जो पैसों के लिए किसी की ओर से लड़ती है। अभी यूक्रेन युद्ध में यह सेना रूस का साथ दे रही है। इसके अलावा अफ्रीका में कई जगह वैगनर सेना काम करती है।

पिछले कुछ समय से यूक्रेन में युद्ध को लड़ने के तरीके को लेकर वैगनर समूह और रूस की सेना के बीच तनाव बढ़ रहा था। वैगनर के मुखिया येवगेनी प्रिगोजिन ने रूस के सैन्य नेतृत्व की खुली आलोचना की थी। इस शनिवार को मास्को तब सकते में आ गया, जब खबर आई कि वैगनर सैनिकों ने रस्तोव ऑन दोन शहर पहुंच कर रूस की सेना के दक्षिणी कमांड मुख्यालय पर कब्जा कर लिया है। इसके बाद भाड़े के सैनिक मास्को के करीब वरोनेझ. शहर पहुंच गए और वहां भी कब्जा कर लिया। इस घटना के साथ ही खबर आने लगी कि अब रूस में तख्तापलट हो जाएगा। कई लोगों ने व्लादिमीर पुतिन के क्रेमलिन छोड़कर सुरक्षित स्थान पर चले जाने के कयास भी लगा लिए। मास्को के मेयर ने लोगों से घरों से न निकलने की अपील जारी की, चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए। इस बीच खबर ये भी आई कि चेचन्या से विशिष्ट सैन्य बल वैगनर लड़ाकों का मुकाबला करने के लिए रवाना कर दिए गए हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वैगनर समूह के इस दुस्साहस पर कहा कि रूस को धोखा देने वाले हर व्यक्ति को अंजाम भुगतने तैयार रहना होगा। लेकिन फिर घटनाक्रम तेजी से बदला और वैगनर लड़ाके अपने लाव-लश्कर के साथ मास्को से कदम पीछे बढ़ाने लगे। बेलारूस के राष्ट्रपति और पुतिन के मित्र अलेक्सांद्र लुकाशेंको ने इस संकट को टालने में संकट मोचक की भूमिका निभाई। खबरों के मुताबिक प्रिगोजिन और लुकाशेंको के बीच लंबी बातचीत हुई, जिसके बाद प्रिगोजिन ने एक बयान जारी कर कहा कि वो खून-खराबा रोकने के लिए पीछे हट रहे हैं। इसके बाद पुतिन के प्रेस सचिव दिमित्री पेस्कोव ने बताया कि येवगेनी प्रिगोजिन के गिरफ्तारी वॉरंट को रद्द कर दिया गया है और उनके और वागनर समूह के लड़ाकों के खिलाफ आपराधिक मामले बंद कर दिए जाएंगे। दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों में से एक रूस पर छाया तख्तापलट का खतरा चंद घंटों की दहशत के बाद ही टल गया। लेकिन अपने पीछे कुछ जरूरी सवाल छोड़ गया है। जैसे लुकाशेंकों और प्रिगोजिन के बीच आखिर किस तरह की सौदेबाजी हुई कि वैगनर सैनिकों को मास्को पहुंचने से पहले वापस करवा दिया गया। इस घटना का असली मकसद वाकई पुतिन की सत्ता को उखाड़ फेंकना था या यह किसी किस्म की चालाकी थी ताकि पुतिन की ताकत और हिम्मत का अनुमान लगाया जा सके। दुनिया में पहले भी कई देशों में तख्तापलट हुए हैं, रूस भी इसका भुक्तभोगी रहा है। मगर सैन्य ताकतें या विद्रोही समूह तख्तापलट कर अपनी सत्ता जमाते हैं। भाड़े के सैनिकों के साथ क्या सत्ता हथियाई जा सकती है। जो सैनिक पैसे लेकर लड़ाई लड़ते हैं, जाहिर है उनके लिए किसी विचारधारा या पंथ का कोई अर्थ नहीं है, फिर इन सैनिकों का इस्तेमाल ही तख्तापलट के लिए क्यों किया गया। और सबसे अहम सवाल ये है कि क्या रूस की ओर वैगनर सैनिकों को रवाना करने के पीछे वाकई प्रिगोजिन की नाराजगी थी या इसमें अमेरिका और नाटो समूह के देशों का हाथ है। याद रखने की बात है कि व्लादिमीर पुतिन दो दशक से अधिक वक्त से रूस पर शासन कर रहे हैं। कभी राष्ट्रपति बनकर, कभी प्रधानमंत्री बनकर उन्होंने सत्ता की कमान हमेशा अपने पास रखी।

# मणिपुर हिंसा : नस्लीय या सांप्रदायिक?

**राम पुनियानी**

**मणिपुर** में भाजपा का शासन है और दिल्ली में भी सरकार भाजपा की ही है। अर्थात मणिपुर में 'डबल इंजन' सरकार है जिसके बारे में कहा जाता है कि वह विकास की गंगा बहा देती है। यहां यह याद दिलाना भी प्रासंगिक होगा कि भाजपा का एक लंबे समय से दावा रहा है कि उसके राज में साम्प्रदायिक हिंसा नहीं होती। उच्च न्यायालय द्वारा मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) के रूप में मान्यता दिए जाने के बाद से मणिपुर में भड़की जबरदस्त हिंसा में अब तक कम से कम एक सौ लोग मारे जा चुके हैं और एक लाख से ज्यादा अपने घरबार छोड़कर भागने पर मजबूर हो गए हैं। इस हिंसा के कारण आम लोग बहुत तकलीफें भोग रहे हैं और महिलाओं, बच्चों और विस्थापितों की हालत दयनीय है। इस स्थिति से निपटने में सरकार की विफलता के कारण देश बहुत शर्मसार हुआ है।

यह हिंसा 3 मई से शुरू हुई थी (या भड़काई गई थी) और आज करीब दो महीने बाद भी जारी है। कुकी और अन्य मुख्यतः ईसाई आदिवासी समूहों और उनकी संपत्ति को निशाना बनाया जा रहा है। हिंसक भीड़ चर्चों को चुन-चुनकर नष्ट कर रही है। अब तक करीब 300 चर्च नफरत की आग में खाक हो चुके हैं। इस बात का जवाब सरकार को देना ही होगा कि क्या यह हिंसा ईसाई-विरोधी है। इस हिंसा के शुरू होने के बाद से माननीय प्रधानमंत्री महोदय ने इस मुद्दे पर अपना मुंह खोलने की जहमत नहीं उठाई है। जिस समय मणिपुर जल रहा था उस समय प्रधानमंत्री कर्नाटक में अपनी पार्टी के प्रचार में दिन-रात एक किए हुए थे। वे अब तक चुप हैं। इस मामले में उनसे चर्चा करने के इच्छुक एक सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल से मिलने का उन्हें समय नहीं मिला। वे मणिपुर को जलता छोड़कर अमेरिका उड़ गए। क्या उनकी चुप्पी रणनीतिक है? आखिरकार इस हिंसा का शिकार हो रही कुकी और अन्य पहाड़ी जनजातियां ईसाई धर्म की अनुयायी हैं, जिसे संघ परिवार 'विदेशी' मानता है? मोदी अनेक बार उत्तरपूर्व की यात्रा कर चुके हैं परंतु जिस समय हिंसा की आग को शांत करने के लिए उनकी जरूरत है तब वे वहां से मीलों दूर हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने कर्नाटक में ताबड़तोड़ प्रचार करने के बाद काफी वक्त दिल्ली में बिताया और फिर वे मणिपुर पहुंचे। उन्होंने वहां खूब बैठकें की परंतु नतीजा सिफर रहा।

## जहरीले कीड़े के डसने से बच्चे की मौत, मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** खेत मे गोबर की खाद डाल रहे बच्चे को अचानक जहरीले कीड़े के काटने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद हालात गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेज दिया। अस्पताल लाते समय रास्ते में बालक की मृत्यु हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया।

सोमवार को मानिकपुर थाना क्षेत्र के बराहमाफी गांव के पुष्पेंद्र (13) पुत्र शिव प्रसाद पाल खेत में परिजनों के साथ पूर्वान्ह 11 बजे गोबर की खाद डलवा रहा था। अचानक जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। परिजन आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया। रास्ते मे ही बालक ने दम तोड़ दिया। पुष्पेंद्र पाल अपने घर के तीन भाई व चार बहनों में सबसे छोटा था। घटना के बाद पुलिस ने मृतक बच्चे का पोस्टमार्टम को शव मर्चरी भेजा है। परिवार में कोहराम मचा है।

## तीन बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर, घायल

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** विकासखंड के सरैया गांव के रमपुरिया से मारकुंडी निमंत्रण में मोटरबाइक से तीन लोग जा रहे थे। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तीनों गम्भीर रुप से घायल होकर मानिकपुर सीएचसी पहुंचे। वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिये गये।

ये हादसा रविवार की रात साढे दस बजे हुआ। बताया गया कि विवाह में शामिल होने सरैया गांव के रामपुरिया से मोटरबाइक पर बैठकर जा रहे तीन सवार राजा पुत्र राकेश, संजय पुत्र राकेश व शारदा पुत्र प्रेमा निवासी रामपुरिया हल्दीदाड़ी गांव के पास अज्ञात वाहन से टकराकर घायल हो गए। लोगों ने मामले की सूचना दी। पीआरबी 112 पुलिस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर तीनों का प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया। बता दें कि राजा और संजय सगे भाई हैं। शारदा मामा का पुत्र है। फिलहाल राजा के खून ज्यादा निकलने से उसे जिला अस्पताल से प्रयागराज रेफर किया गया।

## जबलपुर में दंपत्ति और बच्चे के शव फंदे से लटके मिले

**जबलपुर । मध्यप्रदेश** के जबलपुर में एक परिवार के तीन सदस्यों के शव फांसी के फंदे से लटके मिले हैं । आशंका इस बात की जताई जा रही है कि बच्चे की हत्या के बाद पति-पत्नी ने आत्महत्या की होगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गोरखपुर थाना क्षेत्र के रामपुर के छापर इलाके में रविवार को एक घर में तीन लोगों के शव मिले।यह शव राजेश बर्मन उसकी पत्नी पूनम बर्मन और बेटे आर्यन के हैं। राजेश पेशे से मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव था, मगर इस परिवार ने यह कदम क्यों उठाया इसका खुलासा नहीं हो पाया है। वहीं पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है।आसपास के लोगों ने बताया है कि राजेश के परिवार को आखिरी बार शुक्रवार की रात को देखा गया था, मगर उसके बाद वह नजर नहीं आया।राजेश के भाई संतोष ने बताया है कि शुक्रवार की रात को राजेश का परिवार नरसिंहपुर से लौटा था, इसी दौरान उसका बेटा मेरी बेटी के साथ खेलने आया था, उसके बाद से दरवाजा बंद था। शनिवार की सुबह मां ने दरवाजा खटखटाया मगर कोई जवाब नहीं मिला, उसके बाद शाम को भी दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं आया।

रविवार को फिर खटखटाया तो वही स्थिति रही इस पर दरवाजा तोड़ा तो देखा के अंदर तीनों के शव फांसी के फंदे से लटके हैं।पुलिस के मुताबिक आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि आखिर आत्महत्या कब की।

## बोलेरो और स्विफ्ट कार में भिंडत, तीन घायल, एक रिफर

**सिलवानी/सियरमऊ। शनिवार** की शाम राजमार्ग 15 सिलवानी सागर के ग्राम सियरमऊ में बोलेरो और स्विफ्ट मे जोरदार भिडत हो गई। जिसमे तीन लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी अनुसार स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 05 सीए 76661 और जिला महामंत्री भाजापा युवा मोर्चा रायसेन लिखी हुई बोलेरो कार क्रमांक एमपी 04 सीएम में ग्राम सियरमऊ के सिलवानी टड़ा सुल्तानगंज तिग्गड़े पर जोरदार भिंडत हो गई। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। दुर्घटना में वैशाली/शशिकांत दुबे, पार्थ/ राकेश दुबे, रामकुमार पुत्र हरिज्ञान सिंह घायल हुए हैं। जिन्हे सिविल हॉस्पिटल सिलवानी पहुंचाया गया। नगझिरी निवासी रामकुमार को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रायसेन रेफर किया गया है। भाजपा युवा मोर्चा रायसेन के जिला महामंत्री रामकुमार घोषी के दुर्घटना में घायल होने की खबर प्राप्त होने पर तत्काल सिलवानी के लोकप्रिय विधायक रामपाल सिंह ने भोपाल के सिद्धांता हॉस्पिटल में पहुंचकर भर्ती कराया साथ ही उचित इलाज हेतु सम्पूर्ण व्यवस्था कर हाल चाल जाना। आप जल्दी स्वस्थ हो ऐसी मां नर्मदा से कामना की।

## मुझे लगता है कि राजनाथ सिंह को पंजाब के बारे में गलत जानकारी मिली है : राघव चड्ढा

**चंडीगढ़। केंद्रीय** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के उस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कि आप के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रही है, सांसद राघव चड्ढा ने कहा, मुझे लगता है कि राजनाथ सिंह को पंजाब के बारे में गलत जानकारी मिली है। पंजाब में आप-भगवंत मान सरकार के तहत कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा, पंजाब में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पिछले कुछ दशकों की तुलना में काफी बेहतर है।आप नेता ने केंद्रीय मंत्री को मणिपुर में हिंसा की भी याद दिलाई, जो भाजपा शासित राज्य है।आप सांसद चड्ढा ने कहा, मैं रक्षा मंत्री से अनुरोध करता हू कि वह देखें कि मणिपुर जल रहा है, लाखों लोग बेघर हैं और हजारों लोग मारे गए हैं। इसलिए अन्य राज्यों की ओर इशारा करने से पहले इसकी जिम्मेदारी लें। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर हमला बोलते हुए राघव चड्ढा ने दिल्ली में हाल की हत्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, "दिल्ली में कानून-व्यवस्था और पुलिस केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आती है। यहां हर दिन हत्या, बलात्कार और डकैती होती है। दिल्ली में अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है।राजनाथ सिंह ने चंडीगढ़ में कहा, पंजाब सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल रही। कानून-व्यवस्था संभालने की पहल करना सरकार का मुख्य काम है, लेकिन यह सरकार विफल रही। आप सांसद राघव चड्ढा ने तर्क दिया, भाजपा के अधिकार क्षेत्र में आने वाले दिल्ली और मणिपुर दोनों में कानून और व्यवस्था की स्थिति खराब है। दिल्ली में "बिगड़ती" कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर भाजपा और आप के नेता एक तरह से जुबानी जंग में लगे हुए हैं। दिल्ली पुलिस केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आती है।

# अवैध ढंग से चल रहीं तम्बाकू मिश्रित गुटखा फैक्ट्रियां

## रोकथाम को भीम आर्मी ने सौंपा ज्ञापन-डीएम ने जांच कराकर कार्यवाही का दिया भरोसा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मादक पदार्थों के दुरुपयोग व अवैध व्यापार विरोधी अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर भीम आर्मी भारत एकता मिशन इकाई चित्रकूट ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि चित्रकूट जिले में गुटखा फैक्ट्रियों व तंबाकू मिश्रित गुटखे का कारोबार भारी तादाद में किया जा रहा है।

सोमवार को भीम आर्मी के जिला प्रमुख संजय राणा की अगुवाई में सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि जिला मुख्यालय कर्वी व तहसील राजापुर में अवैध ढंग से गुटखा फैक्ट्रियां चल रही है। तंबाकू मिश्रित गुटखे का निर्माण हो रहा है। तम्बाकू मिश्रित गुटखा जिला मुख्यालय समेत तहसील मुख्यालयों व जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। इसके सेवन से युवा, बूढ़े, बुजुर्ग के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। सभी मौत के आगोश में जा रहे हैं। जिला मुख्यालय कर्वी में डेविड बाबू गुप्ता गंगा जी रोड़ शंकर बाजार, लक्ष्मीचंद साहू शंकर बाजार, बनारसी दास गुप्ता तरौंहा व प्रमोद साहू सीतापुर प्रमुख हैं। तहसील मुख्यालय राजापुर में जुगराज केशरवानी, शारदा केशरवानी, बबलू व झल्लर आटा मील वाला तंबाकू मिश्रित गुटखे का भारी तदाद में कारोबार करते हैं। अवैध गुटखा



फैक्ट्रियां चला रहे हैं। तम्बाकू मिश्रित गुटखे का बड़ा कारोबार जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में आपूर्ति कर रहे हैं।

जिला मुख्यालय कर्वी, तहसील राजापुर, तहसील मानिकपुर व तहसील मऊ समेत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में तम्बाकू मिश्रित गुटखे का चलन भारी तादाद में हो रहा है। कई बार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अभिहीत अधिकारी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी व संबंधित खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से शिकायत की गई। जांच व कार्यवाही के नाम पर छोड़ दिया जाता है। गुटखा माफिया अपनी मनमानी करते हुए तम्बाकू मिश्रित गुटखे का निर्माण व संचालन भारी तादाद में कर रहे हैं। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक/जिलाध्यक्ष संजय सिंह राणा ने बताया कि जिला मुख्यालय समेत तहसील मुख्यालयों में तंबाकू मिश्रित गुटखे का कारोबार हो रहा है। इस मौके पर भीम आर्मी भारत एकता मिशन चित्रकूट धाम मंडल के सह संयोजक इंद्रभान अंबेडकर, जिला संयोजक/जिलाध्यक्ष संजय सिंह राणा, जिला सह संयोजक कोमल सिंह भारतीय, भीम आर्मी कार्यकर्ता सुनील अंबेडकर, राहुल कुमार, राधेश्याम प्रजापति, हरिश्चंद्र, अजय, अर्जुन, लवलेश, मिथलेश, राजा, राजकुमार व बुद्धविलास वर्मा समेत आधा सैकड़ा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन के प्रशिक्षण में हो रहा बडा खेल

## प्रशिक्षण के नाम पर हो रही खानापूरी

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** योगी सरकार भ्रष्टाचार के दीमक को खत्म करने का बीड़ा उठाए है। जल जीवन मिशन के जिम्मेदार अधिकारी भ्रष्टाचार को दिन दूना रात चैगुना कर रहे हैं। पहाड़ी ब्लाक के कस्बा पहाड़ी स्थित आराधना गेस्ट हाउस में रविवार व सोमवार को प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों का प्रशिक्षण हो रहा है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर अशोक कुमार मिश्रा व भूपेंद्र नायक जनप्रतिनिधियों को जल जीवन मिशन का प्रशिक्षण न देकर लूटखसोट में लगे हैं। क्षेत्र पंचायत के स्वयंभू संगठन अध्यक्ष के संरक्षण में क्षेत्र पंचायत सदस्यों को साधने एवं सरकारी प्रशिक्षण के धन को ठिकाने लगाने में पूरा सहयोग कर रहे हैं।

सोमवार को प्रशिक्षण में लूट का खुलासा हुआ है। बताया गया कि प्रशिक्षण प्रोफार्मा सत्यापन प्रपत्र में हस्ताक्षर कराये जा रहे हैं। सत्यापन प्रपत्र में प्रशासनिक व्यवस्था व्यय भोजन, जलपान आदि बिंदुओं पर गुणवत्ता के नाम पर खेल किया जा रहा है। प्रशिक्षण के समय का कोई उल्लेख नहीं है। 11 बजे से प्रशिक्षण शुरू कराया जाता है, दौरान प्रशिक्षणार्थियों को लंच की कोई व्यवस्था नहीं की जाती। पेयजल को नजदीकी बोर से पानी




भराकर केन रखा है। उसी पानी को प्रशिक्षणार्थियों को पिलाया जाता है। भोजन के नाम पर लंच पैकेट बांटे जा रहे हैं। छोटे लंच पैकेट में चार पूडी-सब्जी व मगज का लड्डू दे रहे हैं। प्रशिक्षण स्थल में भारी उमस भरी गर्मी में प्रशिक्षणार्थी को कूलर की कोई व्यवस्था नहीं है।

जल जीवन मिशन हर घर जल के तहत विकासखंड स्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण के आयोजक इमीनेंस इनोवेटिव स्कूल एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड भोपाल के लगाए मास्टर ट्रेनर अशोक कुमार मिश्रा जल जीवन मिशन की बाबत कम, राजनैतिक नेताओं की बाबत पहुंच के बारे में चर्चा करते नजर आ रहे हैं। चित्रकूट के तमाम भाजपा नेताओं का नाम लेकर गहरे संबंध होने की बात कर रहे हैं। प्रशिक्षण स्थल में रविवार व सोमवार को 20 से 25 प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य की मौजूदगी देखने को मिली। प्रोफार्मा में प्रतिदिन दो सौ प्रशिक्षणार्थियों की हाजिरी लगाई जा रही है। प्रशिक्षणार्थियों ने बताया कि मास्टर ट्रेनर अशोक कुमार मिश्रा प्रशिक्षण के नाम पर भारी धांधली कर रहे हैं। पहले भी विकासखंड रामनगर में प्रशिक्षण के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार का खेल खेला गया है। प्रशिक्षण विकास खंड सभागार पहाड़ी में होना चाहिए। धांधली की गरज से मास्टर ट्रेनर अशोक कुमार मिश्रा ने ब्लॉक मुख्यालय से दूर गेस्ट हाउस को चुना है। यहां भारी धांधली खुलेआम हो रही है। अब देखना है कि जल जीवन मिशन के ब्लॉक स्तरीय प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों के प्रशिक्षण में धांधली करने वाले जिम्मेदार के खिलाफ जिलाधिकारी जांचकर क्या कार्यवाही कराते हैं। एडीएम नमामि गंगे से बात की गई तो कहा कि प्रशिक्षण दौरान खर्च बाबत कोई जानकारी नहीं है। इस संबंध में अधिशासी अभियंता जल निगम से बात करने के प्रयास किये गये, उनका फोन नहीं उठा।

# पाइप चोर गिरोह के सदस्य की जमानत खारिज

## सत्र न्यायाधीश ने निरस्त किया प्रार्थना पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जल जीवन मिशन योजना के पाइप चोरी के मामले में जेल में बंद आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र सत्र न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने खारिज कर दिया है।

सोमवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि 26 अप्रैल 2023 को अशोक कुमार ने रैपुरा थाना क्षेत्र में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अशोक के अनुसार उनकी कंपनी द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत रैपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत देंउधा गांव में पाइप बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे देंउधा गांव में उन लोगों ने पाइप रखे थे। बीती 25-26 अप्रैल की रात कुछ लोग लाल रंग की डीसीएम वाहन लोडर में 42 पाइप चुराकर कर्वी की ओर ले गए। ये पाइप मानव जीवन के लिए जल व्यवस्था के कार्य में लगाए जाने के लिए रखे थे। जिनकी कीमत लगभग 3,15,000 रुपये थी। पाइप से लदी गाड़ी पकड़ने के बाद इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया था। जिसमें पुलिस ने एक बड़े गिरोह का खुलासा भी किया था। खुलासा करते हुए बताया था कि आरोपी कूटरचित दस्तावेज तैयार करके पाइप चुराने के बाद कानपुर में बेच आते थे। 12वीं बार चोरी का मामला पकड़ा गया था तथा पूरे गिरोह द्वारा कुल 11 ट्रक माल को 27,00,000 रुपये में बेचने का मामला सामने आया था।

इस मामले में आरोपी बिहार के रोहतास जिले के दिनारा थाने के कुसही गांव के निवासी विकास कुमार पटेल पुत्र जयराम सिंह जेल में बंद है। विकास ने इस मामले में अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

# सरधुवा-मारकुण्डी पुलिस ने महिला चौपाल में किया महिलाओं को जागरुक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर महिलाओं/बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल बनाने की गरज से जारी अभियान मिशन शक्ति के तहत दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी की मौजूदगी में महिला बीट आरक्षी रचना प्रजापति ने पनौटी गांव में महिला चैपाल लगाई।

सोमवार को चैपालों में महिला बीट आरक्षियों ने महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा व सहायता को शासन की जारी योजनाओं की जानकारी दी। विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर 1090 वीमेन पॉवर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा तथा थानों में स्थापित



महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से बताया। शासन के विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के पम्पलेट बांटे। महिलाओं/बालिकाओं को बताया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के बारे में पुलिस से चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो, ताकि उत्पीड़न रोक जा सके। महिलाओं/बालिकाओं को गुड-टच, बैड-टच के बारे में विस्तार से बताया। अक्सर छोटे-छोटे बच्चों को जानने वाले ही बैड-टच करते हैं और समझ नहीं पाते। इस बारे में खुलकर बतायें तथा बच्चों का विशेष ध्यान रखें।

इसी क्रम में मारकुण्डी थाना पुलिस ने बंभिया गांव में महिला चैपाल लगाई। महिला बीट आरक्षी शिवानी सिंह गौर व महिला आरक्षी मोहिनी सिंह गौर ने महिला चैपाल में महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा व सहायता को विभिन्न नम्बरों की जानकारी दी। महिलाओं/बालिकाओं से पुलिस से चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो की चर्चा की।

## मप्र क्षेत्र में पार्किंग के नाम पर मची है अवैध लूट, नगर परिषद के ठेकेदार जगह-जगह लूट का मचाये हैं खेल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रभु श्रीराम की तपोभूमि/पर्यटक स्थल के दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं से पार्किंग वसूली के नाम पर नयागांव नगर पंचायत परिषद अवैध वसूली करा रही है। श्रद्धालुओं से पार्किंग के नाम पर कई गुना वसूली करने से आस्था को ठेस पहुंच रही है। श्रद्धालुओं की आस्था को लेकर नगर परिषद के ठेकेदारों के खिलाफ जिला प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं कर रहा। न ही मप्र सरकार आस्थावान श्रद्धालुओं को पार्किंग के नाम पर हो रही लूट से मुक्ति दिला रहा है।

सोमवार को जिले से सटे मप्र क्षेत्र के पर्यटक स्थल में पार्किंग वसूली के नाम पर लूट का खुलासा हुआ है। बताया गया कि ठेकेदार कहते हैं कि नगर परिषद महंगे ठेके देता है। बिना तीन गुना वसूले भरपाई नहीं हो सकती। ठेकेदारों की माने तो श्रद्धालुओं से कई गुना पार्किंग वसूली को नगर परिषद के अधिकारी जिम्मेदार हैं। इसीलिए नगर परिषद के अधिकारियों की सह से तीर्थयात्रियों से अवैध वसूली का खेल धड़ल्ले से जारी है।

हनुमान धारा में तीन गुना पार्किंग वसूलने को लेकर श्रद्धालुओं के साथ मारपीट हुई थी। वहां का ठेका निरस्त कर दिया गया, लेकिन शेष स्थानों पर कोई असर नहीं दिख रहा। अवैध वसूली जारी है। देखना है कि नगर परिषद क्या कार्यवाही करता है। देखा जाता है कि जहां पार्किंग में सुरक्षित वाहन खड़े करने की जगह हो, वहां पार्किंग शुल्क लेने का प्रावधान होता है। चित्रकूट में नगर परिषद पांच स्थानों पर पार्किंग वसूली कराती है। एक भी स्थान पर पार्किंग नहीं बनाई गई। पार्किंग ठेकेदारों के कर्मचारी चित्रकूट क्षेत्र के दर्शनीय स्थलों के आसपास चारों ओर सड़कों पर कहीं भी रसीद कट्टा लिए वसूली करते मिल जाते हैं। ठेकेदारों के गुर्गे स्थानीय लोगों के वाहन रोककर रसीद काटने लगते हैं। काफी बहस के बाद जाने देते हैं। पूरी वसूली सड़कों पर पुलिस के बैरिकेट्स लगाकर होती है।

**यूपी की तर्ज पर मप्र भी हो फ्री जोन**

चित्रकूट। पार्किंग के नाम पर हो रही अवैध वसूली मामले को संज्ञान में लेकर यूपी की तर्ज पर जिला प्रशासन सतना और मप्र सरकार को तीर्थक्षेत्र के सभी पर्यटक स्थलों को पार्किंग शुल्क से मुक्त कर फ्री जोन घोषित करना चाहिए, ताकि श्रद्धालु आस्था के साथ दर्शन कर सकें।

## खिलाडियों का हुआ प्रारम्भिक ट्रायल



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को सवेरे आठ बजे से स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर, स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई में कक्षा छह में प्रवेश लेने वाले खिलाड़ियों को प्रारंभिक ट्रायल देवी प्रसाद, सविता वर्मा, राकेश यादव, राजेश सोनकर कबड्डी खेल विशेषज्ञों ने लिया।

सोमवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में पहले खिलाड़ियों का फिजिकल टेस्ट 100 मीटर, 800 मीटर, शटल रन, मेडिसिन बॉल थ्रो, स्टैंडिंग ब्रॉड, जंप में क्षमता देखी गई। खिलाड़ियों का स्किल लिया गया। खिलाड़ियों ने महोबा, बांदा, चित्रकूट से आकर टाइल्स में हिस्सा लिया। टाइल्स में सहयोग देने को अंगद सिंह एथलेटिक प्रशिक्षक, फिरोज क्रिकेट प्रशिक्षक, श्याम सुंदर यादव खेल अनुदेशक ने बाहर से आए खेल विशेषज्ञों को पूर्ण सहयोग दिया। पूर्व क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार ने समस्त खिलाड़ियों को टाइल्स के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। स्पोर्ट्स कॉलेज में मिल रही सुविधाओं तथा वहां से प्रदेश एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के बाद प्रदेश सरकार से दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। प्रारंभिक ट्रायल में सफल अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा में हिस्सा लेंगे। सफल अभ्यर्थियों को सूचना स्पोर्ट्स कॉलेज देगा।

## चार घंटे के अन्दर जापान जाने को बनाया पासपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सकूरा साइंस प्रोग्राम के तहत जापान जाने को केन्द्रीय विद्यालय चित्रकूट के चयनित छात्र का अभिसूचना शाखा ने चार घंटे के अन्दर सत्यापन पूरा कर पासपोर्ट जारी करने की कार्यवाही की है।



सोमवार को कोतवाली कर्वी के सदर बाजार की श्रीमती गीता पटेल पत्नी राकेश सिंह पटेल के पुत्र रागीश पटेल केन्द्रीय विद्यालय चित्रकूट में कक्षा 12 के छात्र हैं। उनका चयन सकूरा साइंस प्रोग्राम के तहत जापान जाने को हुआ है। अभिसूचना शाखा में पासपोर्ट बनवाने को आवेदन किया था। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान अनुज मिश्रा व प्रभारी निरीक्षक अभिसूचना शाखा सूर्यकान्त अरूण राय की अगुवाई में महिला आरक्षी रचना यादव ने तत्काल चार घंटे के अन्दर सभी औपचारिकतायें पूरी कर पासपोर्ट जारी कराने में आवेदक की मदद की है। इस कार्य से प्रभावित श्रीमती गीता पटेल ने महिला आरक्षी श्रीमती रचना यादव की भूरि-भूरि सराहना करते हुए सभी अभिसूचना शाखा के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## रावलपिंडी में 12 साल की अनाथ लड़की से सामूहिक दुष्कर्म

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रावलपिंडी में 12 साल की अनाथ लड़की से सामूहिक दुष्कर्म करने वाले तीन आरोपितों की पुलिस को तलाश है। तीनों आरोपित पीड़ित लड़की के रिश्तेदार हैं। यह वारदात गुलिस्तान कॉलोनी में हुई है। लड़की के माता-पिता का इंतकाल हो चुका है। तीन दिन पुरानी इस वारदात का खुलासा स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में हुआ है।



इस संबंध में हवाई अड्डा थाने में पीड़ित के दादा ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार लड़की 23 जून को दिन में किराने का सामान खरीदने घर से बाजार गई थी। वह घंटों बाद तक घर नहीं लौटी। वह शाम को उनके जिम आई और बेहोश हो गई। होश में आने पर पर उसने आपबीती सुनाई। हवाई अड्डा थाने के एसएचओ चौधरी खुदादाद ने कहा कि केस दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित की मेडिकल जांच कराई जा रही है। यह अनाथ लड़की एक ब्यूटी सैलून में काम करती है। पीड़ित का रिश्तेदार मुख्य आरोपित सलमान (18) इलाके में पक्षी की दुकान पर काम करता है। यही उसे बाजार से फुसलाकर अपने साथ ले गया था। इसके बाद उसने दो रिश्तेदारों को और बुला लिया। तीनों ने लड़की से सामूहिक दुष्कर्म किया और उसी हालत में छोड़कर भाग गए। आरोपितों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## पाकिस्तान का सिंध प्रांत चार माह में महिला और बाल हिंसा की 900 से ज्यादा घटनाओं से थर्राया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का सिंध प्रांत महिला और बाल हिंसा की घटनाओं से थर्राया हुआ है। सस्टेनेबल सोशल डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (एसएसडीओ) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल के पहले चार महीनों में सिंध पुलिस में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा के 900 से अधिक केस दर्ज किए गए हैं। एसएसडीओ की रिपोर्ट के अनुसार, इन चार माह में 529 महिलाओं का अपहरण किया गया। घरेलू हिंसा की 119 घटनाएं हुईं। इसके अलावा, दुष्कर्म के 56 और ऑनर किलिंग के 37 केस दर्ज किए गए। कराची सेंट्रल, हैदराबाद और केमारी जिले महिला अपराधों के केंद्र के रूप में उभरे हैं। बच्चों के खिलाफ दर्ज केस में सबसे ज्यादा यौन हिंसा की घटनाएं हैं। इसमें अब तक लगभग 67 मामले दर्ज कर लिए गए हैं।



## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में मानसून-पूर्व बारिश के बीच अलग-अलग जगहों पर बिजली गिरने की घटनाओं में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिजली गिरने की घटनाएं मुख्यतः पंजाब प्रांत के सियालकोट और शेखुपुरा जिलों से सामने आईं। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग (पीएमडी) ने कहा कि इस हफ्ते और बारिश होने का अनुमान है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से कुछ राहत नसीब होगी। हालांकि, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आगाह किया है कि देश में जारी भारी बारिश से अचानक बाढ़ आ सकती है।पाकिस्तान में पिछले साल भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ से कम से कम 1,739 लोगों की मौत हो गई थी, लगभग 80 लाख लोग विस्थापित हो गए थे और करीब 30 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य की संपत्तियों को नुकसान पहुंचा था।



# मध्य अमेरिकी देश होंडुरास में भड़की हिंसा, 24 लोगों की मौत के बाद दो शहरों में कर्फ्यू

**तेगुसिगाल्पा।** मध्य अमेरिकी देश होंडुरास में भीषण हिंसा भड़क गयी है। अलग-अलग हमलों में 24 लोगों के मारे जाने के बाद सरकार ने दो शहरों में कर्फ्यू लगा दिया है।

होंडुरास के उत्तरी शहर चोलोमा में हथियारों से लैस लोगों ने जोरदार गोलीबारी की। इसमें 13 लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हुए। इसी तरह सैन पेड्रो सुले के औद्योगिक इलाकों सहित वैले डे सुला क्षेत्र में हिंसा की घटनाओं में 11 लोगों की जान चली गयी। राष्ट्रपति शियोमारा कास्त्रो ने शहर में बढ़ती हिंसा को लेकर तुरंत कर्फ्यू लगाने का ऐलान किया। चोलोमा में तुरंत प्रभाव से रात 9 बजे से सुबह 4 बजे के बीच 15 दिनों के लिए कर्फ्यू लगाने की घोषणा की। सैन पेड्रो सुला में भी कर्फ्यू लगा दिया गया है। कास्त्रो ने कहा कि हिंसा पर काबू पाने के लिए कई अभियान, छापे, कब्जे और नाकाबंदी की गई हैं। साथ ही चोलोमा में हत्याओं के जिम्मेदार लोगों की पहचान करने और उन्हें



पकड़ने में मदद करने के लिए 32 हजार डॉलर से अधिक राशि के नकद इनाम की घोषणा की है। सुरक्षा मंत्री गुस्तावो सांचेज ने घोषणा की कि सरकार आने वाले दिनों में हिंसा फैलाने वाले लोगों को आतंकवादी करार देने के लिए कांग्रेस को एक प्रस्ताव भेजेगी। सांचेज ने कहा कि हालात को काबू करने के लिए एक हजार से अधिक पुलिस और सेना के जवानों को सुला घाटी में भेजा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सुला घाटी में चोलोमा और सैन पेड्रो सुल स्थित हैं। गौरतलब है कि होंडुरास के एक महिला कारागार में हाल ही में हुए दंगे में कम से कम 41 महिलाओं की मौत हो गई थी।

होंडुरास की राष्ट्रीय पुलिस जांच एजेंसी ने बताया था कि तेगुसिगाल्पा के उत्तर-पश्चिम में करीब 50 किलोमीटर पर स्थित तमारा के महिला कारागार में दंगा और हिंसा हुई। अधिकतर महिलाओं की मौत झुलसने के कारण हुई। हालांकि कुछ को गोली लगने की भी बात कही गई थी।

## नेपाल के पशुपतिनाथ में सोने की जलहरी में भ्रष्टाचार की आशंका पर जांच तेज

**काठमांडू।** नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में 2021 में चढ़ाई गई 108 किलो स्वर्ण जलहरी में भ्रष्टाचार की आशंका पर जांच तेज कर दी गई है। नेपाल की भ्रष्टाचार की जांच करने वाली संस्था एब्यूज ऑफ अथॉरिटी इन्वेस्टिगेशन कमीशन की एक टीम रविवार रात पशुपतिनाथ मंदिर पहुंची और सोने की जलहरी निकालकर तौला।

कमीशन के मुताबिक सोमवार सुबह तक पशुपतिनाथ के जलहरी का वजन किया गया, लेकिन वजन का खुलासा नहीं हुआ है। प्राधिकरण ने कहा है कि वह विस्तृत जांच करेगा और सही जानकारी मुहैया कराएगा।दरअसल, पशुपति मंदिर परिसर के गर्भगृह में 2021 में स्वर्ण जलहरी चढ़ाई गई थी। उस समय तत्कालीन राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने क्षमा पूजा की और स्वर्ण जलहरी चढ़ाई।



पशुपति क्षेत्र विकास निधि में केवल 106 किलो स्वर्ण जलहरी की शिकायत के बाद प्राधिकरण ने जांच बढ़ा दी है। जलहरी को पशुपतिनाथ के विभिन्न हिस्सों से जोड़ा गया है। चूंकि, सभी को बाहर निकाल कर जांच करनी थी, इसलिए श्रद्धालुओं को बाहर निकाला गया और सीसीटीवी भी लगा कर जांच की गयी । पशुपतिनाथ मंदिर में जब स्वर्ण जलहरी फहराई गई थी, तब केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री थे। 2021 की शुरुआत में ओली अपनी पत्नी राधिका शाक्य के साथ पशुपतिनाथ पहुंचे और संकल्प पूजा कर जलहरी समर्पण करने का ऐलान किया। उसी वर्ष चांदी के स्थान पर सोने के पानी के जलहरी लगाए गए। स्वर्ण जलहरी के लिए नेपाल राष्ट्र बैंक से 80 करोड़ एक लाख 11 हजार नेपाली रुपये में 103 किलो 773 ग्राम सोना खरीदा गया था। पशुपति विकास निधि के मुताबिक सोने में 3 फीसदी तांबा और 1 फीसदी चांदी मिलाई गई है। पशुपति क्षेत्र विकास निधि की ओर से सुप्रीम कोर्ट को भेजे गए जवाब में इतनी ही रकम में सोना खरीदने का जिक्र है।

## अफ्रीकी-यूरोपीय बाजारों में बढ़ेगी भारत की पैठ; वैश्विक-दक्षिण की आवाज बनने का भी मौका

**मिस्र।** भारत और मिस्र के द्विपक्षीय संबंधों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो दिवसीय मिस्र का दौरा गेम चेंजर साबित हो सकता है। भारत इस उत्तरी-अफ्रीकी देश में निवेश बढ़ा सकता है और इसे ब्रिक्स



में शामिल करवाने में मदद भी कर सकता है। दूसरी ओर, भारत को भी वैश्विक-दक्षिण में मजबूत आवाज बनने के साथ अफ्रीका, अरब एवं यूरोप के बाजारों में पैठ और गहरी करने के लिए एक और दरवाजा मिलने की उम्मीद है। दौरा कई मायनों में दोनों देशों के लिए अहम है।

**एफटीए की उठी मांग**

मोदी के दौरे के बीच मिस्र के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की मांग उठी है। विशेषज्ञों की मानें तो इस देश में कृषि व इस्पात उत्पादों और हल्के वाहन जैसे क्षेत्रों में घरेलू उद्योग के लिए बड़ी संभावनाएं हैं। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि भारत व मिस्र के बीच ऐतिहासिक व्यापार संबंध हैं, जो मजबूत व काफी संतुलित हैं। मिस्र अफ्रीका व यूरोप का प्रवेश द्वार है। कृषि, जैव प्रौद्योगिकी, औषधि, नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग के अलावा, भारत को मिस्र के साथ लॉजिस्टिक्स में साझेदारी की संभावनाएं तलाशनी चाहिए।

**व्यापार 15 अरब डॉलर तक बढ़ाने पर बल**

सहाय ने यह भी कहा है कि हमें मिस्र के साथ व्यापार को आगामी तीन वर्षों में 6 अरब डॉलर से बढ़ाकर 15 अरब डॉलर करने की जरूरत है।

वैश्विक परिदृश्य में दोनों देशों के अपने हित

मिस्र का है रसूख बढ़ाने का लक्ष्य

मिस्र को इस दौरे से पश्चिमी ब्लॉक के अलावा अपने अंतरराष्ट्रीय संबंध पुख्ता करने का मौका मिल रहा है। भारत से होने वाला निवेश और ब्रिक्स की सदस्यता तो उसके ध्यान में है ही।

मिस्र ने कुछ वर्षों में फिलिस्तीन, इथियोपिया और कुछ अन्य अफ्रीकी देशों के मामलों में अपना दबदबा गंवाया है। यही वजह है कि वह इसे फिर से मजबूत करना चाहता है। भारत से संबंध बढ़ाकर उसे यह मजबूती हासिल हो सकती है।क्षेत्रीय मामलों के अलावा अब मिस्र अफ्रीकी महाद्वीप से बाहर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना महत्व बढ़ाने के रास्ते देख रहा है। इसमें भी भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती छवि से उसे मदद मिल सकती है।

**कारोबार में मजबूती चाहता है भारत**

भारत काहिरा के रास्ते अरब और उत्तरी अफ्रीकी क्षेत्र में अपनी पैठ गहरी करना चाहता है। जेएनयू में मिडिल-ईस्ट स्टडीज पढ़ा रहे आफताब कमाल पाशा बताते हैं कि दोनों देश ऐतिहासिक रूप से मित्र रहे हैं। खाड़ी सहयोग परिषद से पीएम मोदी को सीमित सफलता की उम्मीद है, इसलिए भी मिस्र का रुख करना जरूरी है।

## सीरिया पर रूस का हवाई हमला, दो बच्चों समेत 13 लोगों की जान गई

**दमिश्क।** रूस ने चौबीस घंटे पहले मुस्लिम बहुल देश सीरिया को उसके उत्तर-पश्चिमी इदलिब प्रांत पर हवाई हमला कर दहला दिया। इस बमबारी में दो बच्चों समेत 13 नागरिकों की जान चली गई। दर्जनों लोग घायल हुए हैं। यह हमले उत्तर-पश्चिमी इदलिब प्रांत में सीरिया के विद्रोहियों के नियंत्रण वाले क्षेत्र में किए गए हैं। जिस्र अल-शुघुर शहर में हुए एक हवाई हमले में एक फल और सब्जी बाजार तबाह हो गया। सीरिया ने रूस के इस हवाई हमले को जालिम और कत्लेआम कहा है। स्थानीय व्हाइट हेलमेट (आपातकालीन प्रतिक्रिया समूह) ने कहा है कि ईद-उल-अजहा से पहले हुई इस बमबारी से मातम छाया हुआ है। उत्तर पश्चिमी सीरिया में 2023 में अब तक का सबसे घातक हमला है।

ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के चीफ रामी अब्देल रहमान ने कहा कि यह इस साल सीरिया में रूस का सबसे आक्रामक हमला है। यह नरसंहार के बराबर है। पिछले हफ्ते भी रूस के सीरिया पर किए गए ड्रोन हमले में दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई थी।

सीरिया के रक्षा मंत्रालय ने रविवार शाम



जारी बयान में इस हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि पिछले कुछ दिनों में हमा और लताकिया प्रांत में ऐसे हमलों में कई लोग मारे गए हैं। इस हमले पर अमेरिका ने कहा कि अप्रैल में रूसी पायलटों ने सीरिया के ऊपर अमेरिकी जेट विमानों से 'डॉगफाइट' करने का प्रयास किया था। सैन्य उड्डयन में, हवाई लड़ाई में डॉगफाइटिंग शामिल होती है। इस महीने की शुरुआत में, अमेरिका ने रूसी विमानों के 'असुरक्षित और गैर-पेशेवर व्यवहार' की चिंता पर मध्य पूर्व में एफ-22 लड़ाकू जेट तैनात किए थे।

## केन्या के दो गांवों में हुए हमले, पांच लोगों की मौत; घर फूंकने के बाद खाने की चीजें लेकर भागे विद्रोही

**केन्या।** केन्या में हमलावरों ने दो गांवों में हमला कर दिया। दक्षिण पूर्व केन्या के दोनों गांवों में हुए हमले में पांच लोगों की मौत हो गई। इनमें से एक मृतक स्कूली छात्र था। पुलिस ने बताया कि यहां उन्होंने उन्हें रस्सी से बांधकर मार डाला। उन्होंने कुछ लोगों के



सिर भी काट दिए थे। गांव के ही एक दूसरे व्यक्ति इस्माइल हुसैन ने बताया कि हत्या के बाद जाते वक्त उन्होंने हवाई फायरिंग की और खाद्य पदार्थ लूट कर अपने साथ ले गए।

**दबाव डालने के लिए हमले करता है संगठन**

एक अधिकारी ने बताया कि लामू काउंटी सोमालिया के साथ सीमा साझा करता है। अल-शबाब संगठन के लड़ाके केन्या पर दबाव बनाने के लिए अकसर हमले करते हैं। वह केन्या पर दबाव डालते हैं कि वह सोमालिया से अपनी सेना वापस बुला ले। दरअसल, केन्या ने अल-कायदा से निपटने के लिए 2011 में पहली बार अपनी सेना सोमालिया भेजी थी। इसके बाद से केन्या की सेना अफ्रीकी संघ के सैन्य अभियान के तहत काम कर रही है। हालांकि, केन्या के जवाबी हमलों से सोमालिया कई बार आहत हुआ है। 2013 में नैरोबी के वेस्टगेट मॉल में हुए खूनी घेराबंदी में 67 लोगों की जान चली गई थी। वहीं, 2015 में गरिसा विश्वविद्यालय में हुए हमले में 148 लोग मारे गए थे। बता दें, एटीएमआईएस में करीब 22,000 सैनिक हैं।

**पहले भी हो चुके हैं हमले**

पुलिस के अनुसार, पिछले सप्ताह पूर्वी केन्या में चार लोगों की हत्या हुई थी, जिसका जिम्मेदार भी अल-शबाब ही है। 14 जून को अल-शबाब के एक संदिग्ध हमले में आठ पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई थी। पिछले दो सप्ताह में अल-शबाब के हमले में 10 अन्य लोग मारे गए हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## टेक्सास एयरपोर्ट पर हुआ दर्दनाक हादसा, विमान के इंजन में फंसने से कर्मचारी की मौत

**वांशिगटन।** अमेरिका के टेक्सास प्रांत में एक दर्दनाक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। दरअसल एक यात्री विमान के इंजन में फंसने से एयरपोर्ट के एक कर्मचारी की जान चली गई। घटना टेक्सास के सेन एंटोनियो एयरपोर्ट की है। खबर के अनुसार, 23 जून को रात करीब 10.25 बजे यह हादसा हुआ। फिलहाल एयरपोर्ट अथॉरिटी हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

**क्या है मामला**

डेल्टा एयरलाइंस की फ्लाइट बीती 23 जून को लॉस एंजेलेस से टेक्सास के सेन एंटोनियो एयरपोर्ट पहुंची थी। यात्री विमान का एक इंजन चालू था। उसी दौरान ग्राउंट स्टाफ का एक व्यक्ति इंजन के पास पहुंचा तो ताकतवर इंजन के दबाव से इंजन में फंस गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड ने घटना की पुष्टि की है। नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड ने कहा है कि वह अटलांटा बेस्ड एयरलाइंस डेल्टा एयरलाइंस के संपर्क में हैं।

**कंपनी ने जताया दुख**

डेल्टा एयरलाइंस ने भी हादसे पर दुख जताया है और मृतक के परिजनों के प्रति संवेदना जताई है। बताया जा रहा है कि मृतक यूनिफाई एविएशन का कर्मचारी था। यूनिफाई एविएशन का कई एयरलाइंस के साथ कॉन्ट्रैक्ट



है और यह कंपनी विभिन्न एयरलाइंस को ग्राउंड ऑपरेशन हैंडल करने में मदद करती है। कंपनी ने हादसे पर दुख जताया है और कहा है कि वह कर्मचारियों की सुरक्षा पर ज्यादा फोकस करेगी। फिलहाल घटना की जांच की जा रही है और यह पता लगाने की कोशिश हो रही है कि किन परिस्थितियों में यह दर्दनाक हादसा हुआ। बता दें कि एयरपोर्ट पर कर्मचारियों के मरने की यह पहली घटना नहीं है। पहले भी ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं।